14वें मतदाता दिवस के मौके पर आरएनवाईएम कॉलेज बरही में भाजपा की ओर से नमो नव मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. मौके पर कॉलेज के छात्र/छात्रा सहित प्राध्यापक शामिल हुए. पूर्व विधायक ने सभी नव मतदाताओं से राष्ट्र निर्माण हेतु लोकतंत्र के पावन त्यौहार में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील किया. उन्होंने कहा कि आज के युवा ही देश के निमार्ता है. इन्हे ही देश का दिशा और दशा तय करनी है. इसलिए स्वच्छ और स्वतंत्र मन से लोकतंत्र के इस पावन त्यौहार में हिस्सा ले. उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण किए सभी विद्यार्थियों से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की भी बात कही. इस अवसर पर कॉलेज परिसर में पीएम नरेंद्र मोदी के वक्तव्यों को भी सुना गया. कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव परमेश्वर यादव, भाजपा युवा मोर्चा (बरही विधानसभा) के सुमन सौरभ, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री निशिकांत सिंह, चौपारण पूर्वी युवा मण्डल अध्यक्ष रंजन सिंह, चौपारण पश्चिमी युवा मण्डल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संजय यादव आदि कई लोग मौजूद थे.

# राष्ट्रीय युवा ओबीसी महासभा ने अध्यक्ष से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राष्ट्रीय युवा ओबीसी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अमित साहू एवं केंद्रीय महासचिव फिरदौस अंसारी ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नव मनोनीत अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। केंद्रीय अध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो से झारखंड राज्य के पिछड़े वर्ग को जल्द से जल्द 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की। नव नियुक्त अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने राष्ट्रीय युवा ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द झारखंड राज्य के पिछड़ों को आरक्षण का लाभ दिलाएंगे एवं पिछड़ों शोषित एवं वंचितों की आवाज बनकर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। नव नियुक्त अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने राष्ट्रीय युवा ओबीसी महासभा पिछड़ों एवं वंचितों के समर्थन में किया जा रहे हैं सामाजिक कार्यों के सराहन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।

# विद्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए



रामगढ़। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता शपथ, रंगोली, वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई वहीं बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केदो में महिलाओं को सरकार द्वारा बच्चियों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजना का लाभ लेने हेतु निर्धारित प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई। साथ ही बच्चियों के पोषण सहित पोषण की कमी से होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं खान-पान में सुधार लाकर उनके उपचार की भी जानकारी दी गई।

### जुबिली कॉलेज से विभावि महिला टीम उड़ीसा रवाना



**रामगढ़ ।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज से विनोवा भावे विश्वविद्यालय की खो-खो महिला टीम गुरूवार को अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए उडीसा रवाना हुई। सभी खिलाड़ी फकुर मोहन विश्वविद्यालय व्यासा बालासोर उडीसा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी। खिलाड़ियो को भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर विभावि का नाम रौशन करने की बात कही। रवाना होने वाले टीम में मैनेजर डॉ एसएस पांडेय, टीम कोच नवीन कुमार, सोनी कुमारी, अंजली कुमारी, नीतू कुमारी, भारती यादव, मुस्कान विश्वकर्मा, आयशा कुमारी, शांति कुमारी, अनुराधा कुमारी, श्रुति टोप्पो, रत्नी हांसदा, संध्या कुमारी, निशा कुमारी शामिल है।

# सिस्टा के लोग उत्पादन के क्षेत्र में भी बेहतर काम कर रहे हैं : आरएस राम



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रजरप्पा से सटे बभनधारा स्थित भैरवी नदी के तट पर कोल इंडिया एससी/एसटी एंप्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) रजरप्पा क्षेत्र द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सिस्टा के मुख्य संस्थापक सह सीआईएल के सेवानिवृत मुख्य महाप्रबंधक आरएस राम व विशिष्ट अतिथि रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव, संस्थापक सदस्य राजमुनी राम, राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार कनोजिया, सत्यदेव ललन, जे एन भारती, रामनारायण राम, यू एन प्रसाद, मोहन बाबू मौजूद थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत मुख्य महाप्रबंधक आरएस राम ने कहा कि सिस्टा के लोग संगठित होकर ना सिर्फ समाज को नई दिशा दे रहे हैं, बल्कि उत्पादन के क्षेत्र में भी बेहतर काम कर रहे हैं। इसके लिए सिस्टा परिवार बधाई के पात्र हैं। जबकि रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव कहा कि सिस्टा के लोग क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहे है। मजदूरों की समस्याओं को दूर करना सभी संगठनों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान सिस्टा के लोगों ने वनभोज का आनंद उठाते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा संविधान निमार्ता बाबा भीमराव डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की रोगन मांझी एवं संचालन महेंद्र मिस्त्री ने किया। मौके पर युगल किशोर, शोभा बड़ाइक, भागीरथ मानकी, प्रमोद कुमार, लक्ष्मीनारायण राम, रोगन मांझी, जगन रविदास, रमेश कुमार, अरुणंजय रवि, मेहीलाल मांझी, केवल पासवान, जयंत कुमार, जीत राम, राजेंद्र राम, जमुना राम, रामू राम, सहदेव राम आदि उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर मैदान का निरीक्षण

रामगढ़। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में रामगढ़ से गुजरेगी। जिसकी तैयारी को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गौ रक्षा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिंह दीपू, प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता शांतनु मिश्रा, रियाज अहमद, जवाहर बल मंच के प्रदेश संयोजक तारीख अनवर, राजकुमार यादव, रामगढ़ शहर के फुटबॉल मैदान, जिला मैदान और मां छिन्नमस्तिका मंदिर का दौरा किया। बताया गया कि राहुल गांधी रामगढ़ पहुंचने में इन दोनों मैदानों में से एक मैदान में सभा करेंगे और आम जनता को संबोधित करेंगे।

### जुबिली कॉलेज से विभावि महिला टीम ओडिशा रवाना



**रामगढ़ ।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज से विनोवा भावे विश्वविद्यालय की खो-खो महिला टीम गुरूवार को अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए उडीसा रवाना हुई। सभी खिलाड़ी फकुर मोहन विश्वविद्यालय व्यासा बालासोर उडीसा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी। खिलाड़ियो को भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर विभावि का नाम रौशन करने की बात कही। रवाना होने वाले टीम में मैनेजर डॉ एसएस पांडेय, टीम कोच नवीन कुमार, सोनी कुमारी, अंजली कुमारी, नीतू कुमारी, भारती यादव, मुस्कान विश्वकर्मा, आयशा कुमारी, शांति कुमारी, अनुराधा कुमारी, श्रुति टोप्पो, रत्नी हांसदा, संध्या कुमारी, निशा कुमारी शामिल है।

# धार्मिक पर्यटन नया उद्योग

संघर्ष भरे जीवन, अपार्टमेंट या छोटे घरों की सीमित गतिविधियां और भाग दौड़ के तनाव से ऊबे हुए लोग या तो उस माहौल से दूर अपनी क्षमता और सुविधा से जाना चाहते हैं या स्वयं को प्रभु की शरण में छोड़ देते हैं। ऐसे में पर्यटन सबसे बढ़िया विकल्प होता है जहां से लोग तरोताजा होकर नई ऊर्जा के साथ लौटते हैं उसमें भी खुशी, शांति, आस्था, धार्मिकता और प्रसन्नता का माध्यम बनता है धार्मिक पर्यटन। पहले आवागमन के साधन सीमित थे तो तीर्थ यात्रा बहुत ही कठिन मानी जाती थी और बीच में धर्म से लोग विमुख भी हुए थे पर हाल में धर्म के प्रति लोगों का झुकाव और संचार के साधनों की बढ़ोत्तरी से धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा उद्योग का रूप ले रहा है । 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की सांस्कृतिक विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ अनुकूल मौसम के कारण, आज का दिन देश की अर्थव्यवस्था को बल देने के साथ पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में अनेक धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख मुग्ध हो जाते हैं शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण में शामिल हो गये हैं, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले ही दिन पांच लाख लोगों ने दर्शन किये, वैसे सामान्य तौर पर अनुमान है कि यहां साल भर में संख्या 10 करोड़ को पार कर सकती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन को पंख लगा दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है।धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में आंध्रप्रदेश का तिरुपति भी एक है, यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर में आए पर्यटक मंदिर की दक्षिण भारतीय वास्तुकला और शिल्पकला को देखते ही रह जाते हैं। मान्यता है कि, यहां आने के बाद व्यक्ति को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। ओडिशा के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर हिंदुओं के चार धाम में से एक माना जाता है। यहां हर साल जून में होने वाला रथ यात्रा उत्सव विश्व प्रसिद्ध है, जिसमें भारत समेत विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**भारत की सांस्कृतिक विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ अनुकूल मौसम के कारण, आज का दिन देश की अर्थव्यवस्था को बल देने के साथ पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में अनेक धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख मुग्ध हो जाते हैं शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है।**

इन दिनों

# राघव रंग में डूबा भारतीय गणतंत्र



डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'



*अरुण* की लालिमा फैलने लगी, दसों दिशाओं में भारत की गूंज उठने लगी, वैश्विक रूप से मजबूत होता भारत अमृत काल की अमृत बेला का नेतृत्व करने लगा, विश्व में भारत भारती का जयघोष होने लगा, क्या अमेरिका, क्या ब्रिटेन, सभी राष्ट्राध्यक्ष अब केवल भारत की नीतियों से चमत्कृत हो रहे हैं। जब पश्चिम अपनी सांध्य बेला में भारत की बाँसुरी को सुनकर आनंदित हो रहा है, नीतियों में शिक्षा, जनसँख्या नियंत्रण, स्वरोजगार प्रथम हो रहा है, 'मेक इन इंडिया' और स्टार्टअप भारत वाला प्रभाव अब विश्व को भारत की ओर आकर्षित कर रहा है, साथ-साथ भयाक्रांत भी कर रहा है कि अब भारत एक्सपोर्टर भारत है जहाँ इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट अधिक है। आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है। भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई। भारत के संविधान के निर्माताओं ने प्रथम पृष्ठ पर रामदरबार इसीलिए चुना भी है कि भारत का राजकाज भी रामराज्य जैसा ही न्यायप्रिय, संवेदनशील, सजग और सहानुभूति कारक हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ता भारत इस वर्ष तो लगभग 500 वर्षीय विवाद का हल भी दे गया जिसमें लोग अयोध्या में स्थित आराध्य राम की जन्मभूमि पर राम लला के मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर गणतंत्र भी राघवमय हो रहा है। भारत के संविधान पर आस्था इसलिए भी होनी चाहिए क्योंकि जिस संविधान ने यह स्पष्ट किया कि भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारतीय संविधान की उद्देशिका यह कहती है कि 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ऐसे महान उद्देश्यों और मनोभावों वाली संरचना से ही भारत की अखण्डता अक्षुण्ण है। भारत की आधारभूत मजबूती और संघीय संरचना का केंद्र भारतीय संविधान है। इसी ने गण और तंत्र के बीच मध्यस्थ की भूमिका में पुल बनाकर राष्ट्र को सबल किया है। विगत एक दशक में भारत के संविधान में आश्चर्यजनक परिवर्तन नजर आए जैसे कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हट जाना और फिर कश्मीर समस्या का हल ही हो जाना, तीन तलाक जैसी विषैली और मुस्लिम स्त्री विरोधी व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना, कई सौ बेकार के कानूनों का संविधान से लोपित हो जाना, एक देश-एक विधान-एक निशान जैसी व्यवस्था का निर्माण हो जाना, संविधान प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करके हर व्यक्ति को उसका मौलिक अधिकार रोटी, कपड़ा और मकान मिलना भी राजनीति की उत्कृष्ट मंशा का सुफल है। इसी के साथ 1884 से न्यायालयों में विचाराधीन रखे जन्मभूमि विवाद को हल करके 22 जनवरी 2024 को मंदिर में राष्ट्रदेव राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करके यह सन्देश दे दिया कि भारत विवाद नहीं बल्कि विस्तार चाहता है। आन्तरिक या कहें घरेलू विवादों को सिरे से हल करने की राजनैतिक मंशा का हमेशा स्वागत होना चाहिए, वह हो भी रहा है। संविधान लागू होने के साथ ही बीते 74 वर्ष में भारत ने राजधर्म और प्रजाधर्म का पालन संविधान प्रदत्त शक्तियों की सहायता से ही किया है और इसी राजधर्म के केंद्र में राम राज्य की संकल्पना भी हमेशा रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के राज्य की सत्यनिष्ठ, धर्मप्रधान और न्यायपूर्ण राजनीति भारत के बौद्धिक विकास की आधारशिला रही है। इसी आधारभूत संरचना के सहारे आज भारत में रामलला की जन्मभूमि पर उनका मंदिर निर्मित हो पाया है। संवैधानिक शक्तियों और न्यायपालिका के निर्णय ने ही यह बताया कि राघव की जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण होगा। रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि 'ये भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियाँ, फिर न जाने कितने समय बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है, हमें अब बैठना नहीं है। मैं अपने देश के युवाओं से कहूँगा, आपके सामने हजारों वर्षों की परंपरा की प्रेरणा है।

**आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है। भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई।**

## आपकी बात

### बड़े मंदिर बनें जहां बैठक हों



कृष्णा सिंह

बड़े मंदिर बनें जहां बैठक हों राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से लोगों में भक्ति भाव जग गया है और प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर ठंढ की परवाह किए बिना देश भर में मंदिरों की जिस तरफ सफाई हुई उससे लगा कि हम महिलाएं भी बहुत कुछ कर सकती हैं । बहुत से मंदिर उपेक्षित हैं उनका भी जीर्णोद्धार हो और जो नए मंदिर बने उनमें इतनी जगह राखी जाए कि लोग बैठकर बातें कर सकें खास तौर पर महिलाएं जिससे मुहल्लों टोलो और गाँव शहरों में महिलाओं में एकता की भावना बढ़ेगी और घर की एकरसता दूर होगी। सरकार को भी चाहिए धुमकुड़िया की तरह मंदिर के साथ कम्यूनिटी हॉल बनवाए जिससे गाँव से लेकर शहर तक के धार्मिक सामाजिक आयोजन हो सकें और शादी विवाह भी सादगी से किए जा सकें । सदियों पहले भजन कीर्तन होते थे उसे पुरातनपंथी बताकर लोगों ने छोड़ दिया था उसे फिर से शुरू किया जाए ।

**(अध्यक्ष, मां महिला समिति, पंडरा, रांची)**

### सम्मान के साथ मेदिनीराय की प्रतिमा पुर्नस्थापित हो



अमित गुप्ता

जब किसी भी काल में किसी व्यक्ति की प्रतिमा स्थापित की जानी होती है तो उसके लिए ऐसे व्यक्तित्व का तलाश किया जाता है जिसके कर्म इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में निसंकोच उल्लेखित किए गए हों या भविष्य में उल्लेखित किए जा सकेंगे । उचित वक्तित्व के चयन के बाद जब प्रतिमा स्थापित की जाती है तो उस क्षेत्र का पग - पग गौरवान्वित हो उठता है जहां उस महान व्यक्तित्व की जन्मभूमि अथवा कर्मभूमि रही हो । इसके साथ ही वहां के निवासी जो के लिए , जो उनके व्यक्तिव से ओतप्रोत रहे हैं, जिसे अपना आदर्श मानते रहे हैं, उसे स्थापित प्रतिमा के रूप में नित्य देखना उनके लिए एक अद्भुत हर्ष एवं प्रेरणा का श्रोत बन जाता है । ऐसे में अकारण ही किसी प्रतिमा को उखाड़कर फेक देना नैतिक रूप से गिरे हुए मानसिकता का द्योतक है । जिसकी मैं कड़ी निन्दा करता हूं । ठीक ऐसा ही हुआ है पलामू के मुख्यालय मेदिनीनगर में । जिसके नाम से ही जिले के मुख्यालय का नाम रखा गया हो उन्हे यथोचित सम्मान देने के बजाय उनके स्थापित प्रतिमा को उखाड़कर फेंक देना घोर अपमान का परिचायक है । मैं उस प्रतापी एवं यशस्वी राजा मेदिनी राय बहादुर की बात कर रहा हूं जिन्होंने कभी मुगलों या अंग्रेजों की दासता स्वीकार नहीं की ।

**(शिक्षक सह युवा विचारक)**

देश-विदेश

# अडाणी समूह पर हुए हमले को किया विफल



गौतम अडाणी

*हमें* अतीत में जीना नहीं चाहिए लेकिन उससे सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है। ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथा कथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। संकलन इसलिए कहा क्योंकि उसमें उल्लेखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे। कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे। शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था। शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है। लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था - एक वित्तीय और दूसरा राजनैतिक। दोनों क्षेत्रों का प्रभाव एक दूसरे पर पड़ा मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं। ऐसा इसलिए था क्योंकि आमतौर पर पूंजी बाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं। मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था। यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती। लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गये।

**शेयर बाजार व राजनीतिक बयानबाजी ने हमें मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था। शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है।**



बोधि वृक्ष

## काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास

काशी विश्वनाथ मंदिर में एक मुहर या भगवान अविमुक्तेश्वर 9-10 शताब्दी ईसा पूर्व की है जो राजघाट की खुदाई में खोजी गई थी। मंदिर का उल्लेख में भी मिलता है जो 635 ई. में बनारस आये थे। इसका उल्लेख स्कंद पुराण में भी मिलता है। बारह ज्योतिर्लिंग हैं: गुजरात में सोमनाथ, आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन, मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर, मध्य प्रदेश में ओंकारेश्वर, उत्तराखंड में केदारनाथ, महाराष्ट्र में भीमाशंकर, उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विश्वनाथ, महाराष्ट्र में त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग, देवघर झारखंड, गुजरात में द्वारका में नागेश्वर, तमिलनाडु में रामेश्वरम और महाराष्ट्र के औरंगाबाद में घनेश्रवर शिव पुराण में ज्योतिलिंगों की कहानी का उल्लेख है। किंवदंती के अनुसार एक बार त्रिदेवों में से दो, विष्णु और ब्रह्मा के बीच लड़ाई हुई थी कि कौन बेहतर है। उनका परीक्षण करने के लिए, त्रिदेव शिव ने प्रकाश के एक विशाल अंतहीन स्तंभ के रूप में तीनों लोकों को छेद दिया, जिसे ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। ज्योतिर्लिंग शिव के प्रतीक हैं, जो लगभग पूरे आर्यावर्त में फैले हुए हैं। विष्णु और ब्रह्मा को इस प्रकाश का अंत खोजना था। ब्रह्मा और विष्णु ने विपरीत दिशाओं में भाग लिया। ब्रह्मा ने ऊपर की ओर और विष्णु ने नीचे की ओर अपनी यात्रा शुरू की. ब्रह्मा ने झूठ बोला कि उन्हें अंत मिल गया, जबकि विष्णु ने ईमानदारी से अपनी हार स्वीकार कर ली। शिव भगवान ब्रह्मा जी के झूट बोलने से नाराज हो गए ।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# नरेन्द्र मोदी के राम एवं राष्ट्र को समझें



ललित गर्ग

*केंद्रीय* मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाये गये प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गये इस प्रस्ताव में मोदी को एक नये युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया, हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नये युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आये हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है। नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नये राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वर उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्ति सम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरूआत' है।

**निश्चित ही मोदी अब इस नये युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आये हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है।**

टेक वर्ल्ड

## जीमेल के भर जाने से परेशान हैं तो ऐसे फ्री में पाये स्टोरेज

गूगल ड्राइव से लेकर डॉक्स और गूगल शीट तक सभी आपकी जीमेल से कनेक्ट रहते हैं और ऐसे में स्पेस भी एक ही जगह यूटिलाइज होता है। अगर आपके फोन का कनेक्शन जीमेल के साथ सिंक है तो आपकी सभी फोटो आदि भी गूगल फोटोज पर अपलोड रहती हैं। आज टेक्नोलॉजी की दुनिया में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति हो जो जीमेल और उसे संबंधित दूसरे ऐप्स का प्रयोग ना करता हो। गूगल ड्राइव से लेकर डॉक्स और गूगल शीट तक सभी आपकी जीमेल से कनेक्ट रहते हैं और ऐसे में स्पेस भी एक ही जगह यूटिलाइज होता है। अगर आपके फोन का कनेक्शन जीमेल के साथ सिंक है तो आपकी सभी फोटो आदि भी गूगल फोटोज पर अपलोड रहती हैं, ऐसे में कई लोगों के साथ समस्या आती है कि उनका जीमेल जल्दी फुल हो जाता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कुछ तरीकों को जिससे आप बिना पैसे खर्च किये और अधिक स्पेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि आपको बता दें कि यहां पर आपको 15 का स्पेस फ्री मिलता है लेकिन अगर आप? 130 और खर्च करते हैं तो 100 जीबी मंथली के हिसाब से आपको अतिरिक्त स्टोरेज मिलती है, लेकिन अगर फ्री में अपने जीमेल का स्पेस बढ़ाना चाहते हैं तो निम्नलिखित टिप्स पर गौर करें। जी हां पहला पॉइंट यह है की सबसे पहले अपना जीमेल अकाउंट ओपन करें और टॉप सर्च ऑप्शन में जाएँ।




(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### गुजरात के पांच आईपीएस अधिकारियों को गणतंत्र दिवस पर मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**अहमदाबाद।** गणतंत्र दिवस पर इस बार गुजरात के 5 आईपीएस अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक दिया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था का कार्य देखने वाले एसपीजी में आईजी आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन भगत, अहमदाबाद रेंज के आईजी प्रेमवीर सिंह, अहमदाबाद के ट्रैफिक एडिशनल पुलिस कमिश्नर नरेन्द्र चौधरी, बीएसएफ के डीआईजी मनिन्दर प्रताप सिंह पवार और सीबीआई से डेप्युटेशन से वापस आए गुजरात कैडर के राधवेन्द्र वत्स का नाम शामिल हैं। राजीव रंजन भगत 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इनका जन्म बिहार में 1 अप्रेल 1968 को हुआ था।

### वीरता और सेवा पदक से सम्मानित हुए 1132 पुलिसकर्मी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यों के पुलिस सेवा, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवा में कार्यरत 1132 पुलिसकर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। यह जानकारी गृह मंत्रालय ने गुरुवार को दी। मंत्रालय के अनुसार 277 वीरता पदकों में से जम्मू-कश्मीर पुलिस के 72 कर्मियों, महाराष्ट्र के 18 पुलिसकर्मियों, छत्तीसगढ़ के 26 पुलिसकर्मियों, झारखंड के 23 पुलिसकर्मियों, ओडिशा के 15 पुलिसकर्मियों, दिल्ली के 08 पुलिसकर्मियों, सीआरपीएफ के 65 पुलिसकर्मियों, एसएसबी से 21 कर्मियों को प्रदान किए गए हैं। वहीं शेष कर्मी अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से हैं। मंत्रालय के अनुसार 277 वीरता पदकों में से जम्मू-कश्मीर पुलिस के 72 कर्मियों, महाराष्ट्र के 18 पुलिसकर्मियों, छत्तीसगढ़ के 26 पुलिसकर्मियों, झारखंड के 23 पुलिसकर्मियों, ओडिशा के 15 पुलिसकर्मियों, दिल्ली के 08 पुलिसकर्मियों, सीआरपीएफ के 65 पुलिसकर्मियों, एसएसबी से 21 कर्मियों को प्रदान किए गए हैं। शेष कर्मी अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से हैं।

### वडोदरा झील नौका हादसे के मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में नौका के पलट जाने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो हरनी झील में मनोरंजन क्षेत्र में सभी प्रकार के संचालन का जिम्मा संभालता था। झील में नौका पलटने से 12 छात्रों और दो शिक्षकों की मौत हो गई थी। एक और व्यक्ति की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। इस मामले में 19 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी परेश शाह को आज सुबह शहर के बाहरी इलाके से एक राजमार्ग से गिरफ्तार किया गया। शाह के परिजन ह्यकोटिया प्रोजेक्ट्स में साझेदार हैं और उसे ही हरनी इलाके में मोटनाथ झील में नौकाएं संचालित करने तथा मनोरंजन से जुड़े अन्य क्रिया कलाप करने का ठेका नगर निकाय ने दिया था।

### ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट के लिए दोनों पक्षों ने किया आवेदन, जल्द मिल सकती है हार्ड कॉपी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे रिपोर्ट को दोनों पक्षों को दिए जाने का फैसला एक दिन पहले यानी बुधवार को ही आया। इसी क्रम में गुरुवार को मुकदमे से संबंधित दोनों पक्षों की ओर से सर्वे रिपोर्ट की नकल के लिए प्रार्थना पत्र देकर आवेदन किया गया है। ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट की नकल के लिए मुकदमे से संबंधित पक्षकारों ने गुरुवार को अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। संभावना जताई जा रही है कि पक्षकारों को एएसआई की सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी जल्द मिल सकती है। बता दें कि अदालत ने बुधवार को एएसआई रिपोर्ट दोनों पक्षों को दिए जाने के आदेश के साथ ही कहा कि 800 पेज की रिपोर्ट ईमेल के जरिये नहीं मिलेगी। हर पक्ष को 3500 रुपये जिला अदालत के कोषागार में जमा कराकर रिपोर्ट लेनी होगी। जिला जज डॉक्टर अजय कृष्णा की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर की एएसआई की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों और डीपी को देने का आदेश दिया है अदालत ने सर्वे रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर किसी तरह की रोक भी नहीं लगाई है।

# राष्ट्रपति ने 31 लोगों को जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के पुरस्कार देने की दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति ने 31 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार- 2023 प्रदान करने की मंजूरी दी है। इनमें 03 लोगों को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, 07 लोगों को उत्तम जीवन रक्षा पदक व 21 लोगों को जीवन रक्षा पदक सम्मिलित हैं। तीन व्यक्तियों को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को गृह मंत्रालय ने दी।

**इन्हें मिलेगा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक :** मास्टर एंथोनी वानमाविया (मरणोपरांत), मिजोरम, मेलोडी लालरेमरूती (मरणोपरांत), मिजोरम, सूरज आर (मरणोपरांत), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल।

उल्लेखनीय है कि जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के पुरस्कार किसी व्यक्ति की जान बचाने में मानवीय प्रकृति के सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार तीन श्रेणियों, सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक, एवं जीवन रक्षा पदक, में प्रदान किया जाता है। जीवन के सभी क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों इन पुरस्कारों के पात्र हैं। ये पुरस्कार मरणोपरांत भी प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार के अलंकरण (मेडल, केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं एकमुश्त मौद्रिक भत्ता) पुरस्कार प्राप्तकर्ता को यथा समय उस केंद्रीय मंत्रालय / संगठन / राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जिससे पुरस्कार प्राप्तकर्ता संबंधित है।

### इन्हें दिया जाएगा जीवन रक्षा पदक

साहिल भीसु लाड, गोवा, काजल कुमारी, झारखण्ड, नवीन कुमार डी, तेलंगाना, विनोद कुमार, सीमा सड़क संगठन, हवलदार शेरा राम, रक्षा मंत्रालय, मुकेश कुमार, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नरेश कुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण। एम एस अनिल कुमार, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, जीतम परमेश्वर राव, आंध्र प्रदेश,समरजीत बसुमतारी, असम, सुदेश कुमार, चंडीगढ़, जस्टिन जोर्ज, केरल,विल्सन, केरल,पद्मा थिंलेस, लद्दाख, मोहम्मद अफजल, लद्दाख,आदीका राजाराम पाटील, महाराष्ट्र, प्रीयंका महाराष्ट्र, सोनाली सुनील बालोडे, महाराष्ट्र, मारिया माइकल ए, तमिलनाडु, एस विजयकुमार, तमिलनाडु, नरेश जोशी, उत्तराखंड,अर्जुन मलिक, सीमा सड़क संगठन,अमित कुमार सिंह, सीमा सुरक्षा बल, शेर सिंह, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सोनू शर्मा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल,अबदुल हमीद, रक्षा मंत्रालय,सुनील कुमार मिश्रा, रक्षा मंत्रालय,शशिकांत कुमार, रेल मंत्रालय।

# बिहार : सर्दी से 24 घंटे में 5 लोगों की मौत, दो बच्चे शामिल

**एजेंसी। पटना**

बिहार में पड़ रही कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से पिछले 24 घंटे के भीतर राज्य में पांच लोगों की मौत हो गयी। राज्य के अलग-अलग जिलों मुजफ्फरपुर, गोपालगंज , बक्सर, लखीसराय और छपरा में सर्दी से मरने वालों में सिपाही और दो स्कूली बच्चे शामिल हैं। मुजफ्फरपुर के बोचहां प्रखंड में कक्षा छह के बच्चे की बुधवार को मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि छात्र कुर्बान सुबह स्कूल गया था। 10 बजे के बाद वह कांपता हुआ घर पहुंचा। घर आते-आते उसकी तबीयत काफी बिगड़ जाने पर उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। मुजफ्फरपुर डीएम प्रणव कुमार ने कहा कि बोचहां में ठंड से बच्चे की मौत हुई है, जबकि दूसरी जगह एक बच्ची के बेहोश होने की सूचना है। गोपालगंज के 45 वर्षीय शंभू राय की ठंड लगने से मौत हो गयी। शंभू राय पुलिस लाइन डेहरी में पदस्थापित थे। बुधवार को उनकी तबीयत खराब हो गयी और उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, बक्सर जिले के सिमरी रामोपट्टी में खेत में पटवन कर घर लौटे किसान चंद्रदीप राम की घर जाते ही तबीयत बिगड़ गयी। परिजन उन्हें तुरंत स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां से पीएमसीएच जाने के क्रम में चंद्रदीप की मौत हो गयी। लखीसराय के कजरा प्राथमिक विद्यालय श्रीघना में पहली का छात्र स्कूल में प्रार्थना के दौरान बेहोश हो गया। डॉक्टर के पास ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सारण के तरैया के खराटी गांव में 52 वर्षीय नागेश्वर ठाकुर की मौत हो गई। शीतलहर को देखते हुए पूर्व में जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षा को बंद करने का नोटिस जारी किया था लेकिन एसीएस केके पाठक ने सभी जिलों को आदेश जारी कर स्कूल तत्काल प्रभाव से खोलने को कहा।

### जाति सर्वेक्षण के बाद केंद्र ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने को विवश : तेजस्वी

**पटना।** हमें पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ना होगा...वे (केंद्र) मेरे और अन्य विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल करते रहेंगे। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, हम पिछले कई वर्षों से कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न की मांग कर रहे थे....ठाकुर भारत रत्न के हकदार थे। लालू ने कहा, तेजस्वी ने सही कहा है कि अब कांशी राम जी और राम मनोहर लोहिया को भारत रत्न दिया जाना चाहिए। एक अन्य कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने कहा, हम कांशीराम और लोहिया के लिए भी भारत रत्न की मांग कर रहे हैं। केंद्र को उन्हें भी भारत रत्न से सम्मानित करना चाहिए। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि राज्य में महागठबंधन सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित सर्वेक्षण ने केंद्र को प्रख्यात समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए विवश किया।

### चुनाव आयोग ने 17 आम चुनाव और 400 से अधिक विस चुनाव कराए जा चुके हैं

# लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में चुनाव आयोग की भूमिका अहम : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता और विविधता हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में चुनाव आयोग की अहम भूमिका रही है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति ने चुनावों के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ चुनावी अभ्यास पुरस्कार प्रदान किए। मतदाताओं की जागरूकता में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सरकारी विभागों और मीडिया संगठनों सहित महत्वपूर्ण हितधारकों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अब तक चुनाव आयोग द्वारा 17 आम चुनाव और 400 से अधिक विधानसभा चुनाव कराए जा चुके हैं। उन्होंने निष्पक्ष और समावेशी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की वर्तमान और पिछली टीमों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की चुनाव प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर आधुनिक तकनीक का सफल उपयोग दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी गतिविधियों में चुनाव आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग को यथासंभव और बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सभी हिस्सों में रहने वाले मतदाताओं के लिए व्यवस्था करना आसान नहीं है। तमाम तरह की चुनौतियों के बावजूद चुनाव आयोग की टीम इस कठिन काम को अंजाम देती है। यह हमारे लोकतंत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रपति ने उन लोगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की जो मतदान केंद्रों पर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने हमारे देश की चुनाव प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बना दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे युवा हमारे लोकतंत्र के भविष्य के कर्णधार हैं। उन्होंने मतदाता फोटो पहचान पत्र प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अधिकार मिलने के बाद उनके कर्तव्य भी बढ़ गये हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यहां उपस्थित युवा मतदाता देश के उन करोड़ों युवाओं के प्रतिनिधि हैं जो वर्ष 2047 के स्वर्णिम भारत के निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

# तेज विकास के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं

**बुलंदशहर/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का निर्माण उत्तर प्रदेश के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 19,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेल, सड़क, तेल एवं गैस और शहरी विकास एवं आवास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 जनवरी को, मुझे अयोध्या में भगवान राम के 'दर्शन' मिले और आज मुझे यहां 'जनता जनार्दन' के 'दर्शन' का अवसर मिला है। आज, पश्चिमी यूपी को भी 19,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं मिली हैं। ये परियोजनाएं रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम का हिस्सा बनकर काफी प्रसन्नता हो रही है। मोदी ने कहा कि अयोध्या में, मैंने कहा था कि 'प्राण प्रतिष्ठा' पूरी हो चुकी है, अब 'राष्ट्र प्रतिष्ठा' को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का समय है। उन्होंने कहा, अयोध्या में मैंने रामलला के सानिध्य में कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ, अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमें देव से देश और राम से राष्ट्र के मार्ग को और प्रशस्त करना है। हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

### असम से बंगाल पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# अधीर चौधरी ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। कोलकाता**

25 जनवरी (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार दोपहर पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई है। असम से कूचबिहार के रास्ते बंगाल में यात्रा के प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) देशभर में अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने कूचबिहार जिले के बशीरहाट में प्रवेश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने यहां पहुंचने पर राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। असम कांग्रेस अध्यक्ष रिपुन बोरा ने अधीर चौधरी को तिरंगा सौंप कर बंगाल में इसकी शुरूआत की। राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा से न्याय शब्द को इसलिए जोड़ा गया है, क्योंकि देशभर में अन्याय व्याप्त है। गठबंधन देशभर में व्याप्त अन्याय के खिलाफ लड़ेगा। पश्चिम बंगाल में यात्रा के आने से एक दिन पहले ही बुधवार को इंडी के घटक दल तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने अचानक घोषणा कर दी कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अकेले मैदान में उतरेगी। इससे विपक्षी गठबंधन को झटका लगा। इसके बाद कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई कि ममता बनर्जी के बिना गठबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गठबंधन में कांग्रेस के सहयोगी माकपा और अन्य वाम दल भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भाग ले सकते हैं। पश्चिम बंगाल में यह यात्रा 523 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और छह जिलों तथा छह लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। अप्रैल-मई 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से यह राहुल गांधी का पहला बंगाल दौरा है।

### नीतीश के परिवारवाद वाले बयान पर लालू की बेटी का पलटवार

# लोकसभा चुनाव के पहले राजद और जदयू में तल्खी चरम पर

**एजेंसी। बिहार**



लोकसभा चुनाव के पहले ही बिहार की सियासत में सरगर्मी बढ़ गई है। सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल राजद और जदयू के बीच तल्खी बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जन्मशताब्दी के मौके पर परिवारवाद को लेकर बयान दिया, उसके बाद लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल साइट पर पलटवार किया। हालांकि, रोहिणी ने एक्स पर लिखी बात को फिर डिलीट कर दिया। रोहिणी ने एक्स पर बिना किसी के नाम लिए लिखा कि समाजवादी पुरोधा होने का करता वही दावा है, हवाओं की तरह बदलती जिनकी विचारधारा है। इसके बाद उन्होंने आगे लिखा, खीज जताए क्या होगा जब हुआ न कोई अपना योग्य। विधि का विधान कौन टाले जब खुद की नीयत में ही हो खोट। रोहिणी यहीं तक नहीं रूकी। उन्होंने आगे लिखा कि अक्सर कुछ लोग नहीं देख पाते हैं अपनी कमियां। लेकिन किसी दूसरे पे कीचड़ उछालने को करते रहते हैं बदतमीजियां। माना जा रहा कि रोहिणी ने एक्स के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। हालांकि, रोहिणी ने कुछ ही घंटे बाद एक्स पर लिखी बातें डिलीट कर दी। इधर, नीतीश मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में भी राजद और जदयू में दूरियां दिखी। सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बैठक में किसी से कोई बात नहीं की। ऐसे में साफ है कि राजद और जदयू के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। नीतीश के फिर से पलटने की चर्चा सियासत में खूब हो रही है। वैसे, नीतीश के लिए यू टर्न कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी नीतीश पलटते रहे हैं। वर्ष 2013 में जदयू ने भाजपा से अपना गठबंधन तोड़ दिया था। राजद और कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। इसके बाद 2017 में जदयू फिर से भाजपा के साथ एनडीए में शामिल हो गई और 2019 लोकसभा चुनाव और 2020 बिहार विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ लड़ी। इसके बाद अगस्त, 2022 में नीतीश कुमार ने फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से नाता तोड़ लिया और महागठबंधन के साथ होकर मुख्यमंत्री बन गए। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी साफ तो कुछ नहीं कहते हैं।

### बंगाल में कांग्रेस की न्याय यात्रा से ममता की दूरी दीदी क्यों हुई नाराज ?

**कोलकाता।** इंडिया ब्लॉक में तनाव के बीच पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मेगा रैली के 12वें दिन पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई है। हालांकि, ममता बनर्जी ने इससे पूरी दूरी बना रखी है। टीएमसी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया था कि उन्होंने उन्हें पश्चिम बंगाल में अपनी नियोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में भी सूचित नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने पश्चिम बंगाल में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन नहीं हो पाने के लिए पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा और अधीर रंजन चौधरी। वह भाजपा की भाषा बोलते हैं। इसके साथ ही कहा कि बंगाल में गठबंधन न चल पाने के तीन कारण है। अधीर रंजन चौधरी 2. अधीर रंजन चौधरी अधीर रंजन चौधरी। यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी की घोषणा के एक दिन बाद आई है कि उनकी पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव 'अकेले' लड़ेगी।

## न्यूज बॉक्स

### महाराजगंज में पुलिसकर्मी पर वकीलों के समूह के हमले की जांच शुरू

**प्रयासराज।** बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार यह घटना एक वकील को चालान जारी करने को लेकर वकीलों और चौकी प्रभारी के बीच बहस के बाद हुई। महाराजगंज जिला पुलिस ने वकीलों के समूह द्वारा एक पुलिसकर्मी पर कथित हमले की घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को महाराजगंज के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर हुई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी भागता दिख रहा है और उसे वकीलों ने घेर लिया, जो उसे मुक्का मारते और थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। पुलिसकर्मी की पहचान कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक दुर्गेश सिंह के रूप में हुई है। सिंह को वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने बचाया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार यह घटना एक वकील को चालान जारी करने को लेकर वकीलों और चौकी प्रभारी के बीच बहस के बाद हुई।

### उप्र के शाहजहांपुर में कंटेनर व ऑटो की भिड़ंत, 12 लोगों की मौत




**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह ऑटो और कंटेनर में हुई भीषण भिड़ंत में ऑटो सवार 12 लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश देने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी उमेश सिंह और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। हादसे के बाद पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि यह हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में हाई-वे पर सुबह ग्राम सुगसुगी के पास कंटेनर और ऑटो में टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 12 लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में आठ पुरुष, तीन महिला और एक बच्चे का समावेश है। घटना के बाद चालक कंटेनर को छोड़ कर फरार हो गया।

### एम्स में एक अप्रैल से सिर्फ ऑनलाइन पेमेंट

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक अप्रैल से सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही भुगतान होगा। बीते दिनों मरीजों के अंतिम डिस्चार्ज बिलों पर अधिक शुल्क वसूलने की शिकायत के बाद एम्स निदेशक ने यह निर्देश जारी किए हैं। एम्स निदेशक डॉ एम श्रीनिवास ने एम्स स्मार्ट कार्ड को 31 मार्च तक सभी प्रकार के भुगतानों के लिए एम्स नई दिल्ली में शुरू करने का निर्देश दिया है। काउंटर पर कोई नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एम्स स्मार्ट कार्ड टॉपअप काउंटर ओपीडी, अस्पताल और केंद्रों के भीतर कई स्थानों पर संचालित होंगे। यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के अलावा एम्स स्मार्ट कार्ड सभी जांचों और प्रक्रियाओं के लिए भुगतान का एक तरीका है। एम्स ने पिछले साल एक अप्रैल से पायलट प्रोजेक्ट के तहत एसबीआई बैंक के सहयोग एम्स स्मार्ट कार्ड की सुविधा शुरू की थी। इसकी मदद से विभिन्न जांच व नाश्ता एवं भोजन सहित सभी जगहों पर भुगतान किया जा रहा है। इसका पूरा रिकार्ड रहता है, जिसका ऑडिट किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री ने की 'मेरा युवा भारत' संगठन से जुड़ने की अपील, बोले युवा मेरी प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवा मतदाताओं को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा कि देश को युवाओं पर सबसे अधिक विश्वास है। उन्होंने कहा कि युवा अपने वोट से देश की दिशा और दृष्टिकोण तय करेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के ह्यनमो नवमतदाता सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बेटियों के भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने युवाओं से मेरा युवा भारत संगठन से जुड़ने और नमो एप पर लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए भी सुझाव मांगे। उन्होंने कहा, देश के युवा उनकी प्राथमिकता हैं। हमने हमेशा देश के युवाओं पर सबसे अधिक विश्वास किया है। उन्होंने कहा, भारत के युवाओं को वोट देने की अपनी शक्ति का प्रयोग करना चाहिए और नमो ऐप पर अपनी राय व्यक्त करनी चाहिए।ह्व मोदी ने कहा कि यह युवा ही हैं जो अपनी जन-भागीदारी के माध्यम से न केवल भाजपा के चुनाव घोषणापत्र को आकार देंगे, बल्कि भारत की भविष्य की नीति को भी आकार देंगे। प्रधानमंत्री ने सभी से मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा, आइए हम किसी को भी पीछे नहीं छोड़ने का संकल्प लें। वोट की ताकत पर जोर देते हुए मोदी ने कहा, आज, अगर भारत ने अग्रणी सुधार, डिजिटल बुनियादी ढांचा और एक मजबूत और लचीली अर्थव्यवस्था हासिल की है, तो यह वोट की ताकत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्र के भरपूर युवा होने के नाते, युवाओं को इन अग्रणी सुधारों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अपना वोट अवश्य देना चाहिए।

### खिचड़ी घोटाला : शिवसेना नेता संजय राऊत के भाई को ईडी ने 30 जनवरी को तलब किया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के भाई संदीप राऊत को कोरोना कालखंड में हुए कथित खिचड़ी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए 30 जनवरी को पेश होने के लिए समन भेजा है। ईडी ने यह समन शिवसेना युवा नेता सूरज चव्हाण से पूछताछ के बाद जारी किया है। कोरोनाकाल में मरीजों के लिए बांटी जाने वाली खिचड़ी में 2 करोड़ रुपये का घोटाला किए जाने का आरोप भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने लगाया था। इस मामले की ईडी मनी लॉड्रिंग एंगल से जांच कर रही है। ईडी की टीम ने इस मामले में शिवसेना (यूबीटी) के युवा नेता सूरज चव्हाण को गिरफ्तार किया है। सूरज चव्हाण से पूछताछ के दौरान संजय राऊत के भाई संदीप राउत का नाम सामने आया है। कोरोना मरीजों के लिए मुंबई नगरनिगम की ओर से दो करोड़ रुपये की खिचड़ी बांटने का काम तीन कंपनियों को दिया गया था । इस मामले की छानबीन ईडी के अलावा मुंबई पुलिस की टीम भी कर रही है। खिचड़ी घोटाले में संजय राऊत के करीबी रिश्तेदार सुजीत पाटकर, सुनील बाला कदम, तत्कालीन मुंबई नगर निगम के उपायुक्त, सह्याद्रि रिफ्रेशमेंट के राजीव सालुंके, फोर्सवन मल्टी सर्विसेज, स्नेहा कैटर्स पार्टनर सहित बीएमसी अधिकारियों पर मामला दायर किया गया है।

### यूपी में आगरा के बाद सबसे अधिक विदेशी सैलानी आए काशी, तीन साल में बढ़ी संख्या

**वाराणसी।** विदेशी सैलानियों को काशी के गंगा घाट और गलियां काफी लुभाती हैं। यही कारण है कि यूपी में आगरा के बाद काशी ही ऐसी जगह है, जहां पिछले तीन साल में सबसे अधिक विदेशी सैलानियों ने भ्रमण किया है। विदेशी काशी की आबोहवा में ऐसा घुले-मिले कि हर बार उन्हें यहां की पौराणिकता और अल्हड़पन खींच ले आती है। बौद्ध की तपोस्थली सारनाथ भी उनमें शामिल है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार काशी में नवंबर 2023 तक एक लाख 84 हजार 69 विदेशी सैलानियों ने भ्रमण किया है।

## एक नजर

### दूसरा कोल इंडिया मैराथन 11 फरवरी को, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी

रांची। दूसरी कोल इंडिया मैराथन 2024 का आयोजन 11 फरवरी को किया जाएगा। इसे लेकर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी को निर्धारित की गई है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन तरीके से हो रही है। कोल इंडिया मैराथन के आधिकारिक वेबसाइट पर इच्छुक लोग रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस बार भी पुरुष और महिलाओं के लिए दौड़ की चार श्रेणियां रखी गई है। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस आर्यभट्ट सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

रांची। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन उपस्थित रहे। उन्होंने ह्रराष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के लिए मताधिकार सशक्त हथियार है। लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोकतंत्र सुदृढ़ होगा। सुदृढ एवं सशक्त लोकतंत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने स्थापना काल से ही सतत प्रत्यनशील है एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष का थीम रखा गया है- ह्रवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम। उन्होंने कहा कि इस थीम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें एवं मतदान के लिए लोगों को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का आधार जनमत है और जनमत का आधार मतदान है। एक सुयोग्य व्यक्ति के लिए मतदान देने से लोकतंत्र मजबूत होता है। मतदाता को जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा तकनीकी का भी उपयोग किया जा रहा है। सी-विजिल, वोटर हेल्पलाइन एप्प, सुविधा एप्प इत्यादि इनके उदाहरण है। कहा कि इस मतदाता जागरूकता के परिणाम भी परिलक्षित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि झारखंड के मतदाता सूची में उनका भी नाम सम्मिलित हो गया है एवं वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। उन्होंने नए मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किया एवं सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया एवं सभी के द्वारा ह्रमतदाता प्रतिज्ञा ली गयी। नये मतदाता के रूप में सुश्री अदिति कुमारी, सुश्री अदिति स्नेह, सुश्री लावण्या सिंह, सुश्री हर्षिता गुप्ता, श्री आदित्य कुमार शुभम, बुजुर्ग मतदाता के रूप में श्रीमती सावित्री सिंह, श्री मोती लाल साहू एवं दिव्यांग मतदाता के रूप में सुश्री गोपिका आनंद को सम्मानित किया गया।

# विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदाता होना सबसे बड़ा गौरव : डॉ मनोज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को मारवाड़ी महाविद्यालय रांची में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र में मतदाता होना सबसे बड़े गौरव की बात है। अतः प्रत्येक छात्र-छात्रा जो मतदाता सूची में नामांकन की पात्रता रखते हैं वह यथाशीघ्र अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आर आर शर्मा ने कहा कि अभी के समय में ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की सुविधा है। यह सुविधा आज के टेक्नोफ्रेंडली युवाओं के लिए बेहतर विकल्प है। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के लिए काम करनेवाली एजेंसी एएनएम के पीआरओ सन्ना ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रपत्र -6 , नाम हटाने के प्रपत्र -7 तथा नाम संशोधन के प्रपत्र -8 से संबंधित जानकारी साझा की । ईसीआई के एप्प एवं पोर्टल के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ नूपुर ने अपने संबोधन में बताया कि 25 जनवरी 1950 को भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी । इसी के याद में हर वर्ष हम आज के दिन को मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के डॉ बहालेन होरो, डॉ राजकुमार, डॉ अमित कुमार,डॉ जहांगीर आलम, डॉ बसंती रेणु हेम्ब्रम , डॉ राजन आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई कि हम निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखेंगे तथा बगैर किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग हर बार करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी श्री अनुभव चक्रवर्ती ने किया।

कार्यक्रम के सफलता में योगदान देने एवं अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम के गरिमा को बढ़ाने के लिए सभी गणमान्य, स्वयंसेवक एवं छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के निर्वाचन संबंधी जागरूकता के लिए नोडल अधिकारी प्रो० जय प्रकाश रजक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी जरूरी : गट्टानी

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के अवसर पर आज चैंबर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने उपस्थित सदस्यों को मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ दिलाई और कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी जरूरी है। प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सह सचिव अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से नये और भावी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरा करने जा रहे सभी नागरिक मतदाता सूचि में अपना नाम अवश्य जुडवाएं। कार्यक्रम में चैंबर महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल, मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमस आलम उपस्थित थे।

## आईएचएम रांची में मना राष्ट्रीय पर्यटन व राष्ट्रीय मतदाता दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत गुजराती फरसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सेलिब्रिटी शेफ मीरा सिंह जो की रसोई क्वीन एवं चूल्हा चौका जैसे टीवी शोज में फाइनलिस्ट रही हैं ने तिरंगा ढोकला बनाया एवं प्रशिक्षण दिया। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 को मनाया गया जिसमें 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी धन की बचाव पर चर्चा की गई। बार बार आदर्श आचार संहिता लगाने से विकासात्मक परियोजनाएं और अन्य सरकारी गतिबिधियाँ निलंबित हो जाएँगी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों ने प्रकाश डाला। हैलोलाइफ मैगजीन के प्रमुख रोनिता, मुख्य संपादक प्रवीण रमन तथा मार्केटिंग प्रमुख विक्रांत द्वारा प्रतिभागियों के सहभागिता का मूल्यांकन किया गया। संस्थान के प्रचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने मूल्यांकनकर्ताओं का अभिवादन करते हुए प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

### स्वामी दिव्यानंद महाराज ने माधव कंडाली स्मारक अभिनंदन पत्रिका 'अयोध्या' का किया विमोचन



**रांची।** विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय धमार्चार्य स्वामी दिव्यानंद महाराज के द्वारा गुवाहाटी की अग्रणी शैक्षणिक ट्रस्ट संस्था लुइत- विश्व हिंदू महासंघ की असम शाखा के सहयोग से ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एवं प्रसारित स्मृति अभिनंदन पत्रिका 'अयोध्या' (हिंदी संस्करण) का उद्घाटन जिस्ट कम्युनिकेशन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन किया गया, पत्रिका का संपादन राजीव हरि कौशिक, एक नृवंशविज्ञानी, वृत्तचित्र निदेशक और पत्रिका के प्रधान संपादक द्वारा किया गया था। उद्घाटन समारोह का संचालन विश्व हिंदू महासंघ के असम क्षेत्रीय सचिव डेनियल शास्त्री ने किया। मधुमिता दास सहित असम का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के सदस्यों ने सहयोग किया है। 700 साल पुरानी असमिया सप्तकंद रामायण चौदहवीं शताब्दी में अचूक कवि माधव कंडाली द्वारा लिखी गई थी। इस कार्यक्रम में विहिप असम प्रदेश प्रभारी भागवी लीमा मोहंता, डॉ. मुकुट कलिता, मनोहर गोगोई, प्रोफेसर ज्योति हजारिका, नीलाक्षी चक्रवर्ती और मैना शर्मा उपस्थित थे। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राजीव हरि कौशिक द्वारा किया जा रहा है और सलाहकार समिति के सलाहकार, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजक और गुवाहाटी के इंजीनियर कैलास शर्मा ने कहा कि उत्पादन कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है आज सुबह शर्त लगाने के लिए , प्रभु वह श्री राम के चरणों में पुष्प अर्पित करते हैं।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए युवा हैं तैयार



रांची। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह।कई महीनो से मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी के निदेर्शानुसार युवा नागरिकों के बिच चुनावी जागरुकता पैदा करने और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दिनांक- 25 जनवरी 2024 को 14वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी कॉलेज एवं इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल,रांची में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ भावी मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से दी गई। उन्हें स्वयं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु फॉर्म 6, सुधर हेतु फॉर्म 8 एवं अन्य की जानकारी दी गई। साथ ही साथ उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन नंबर की भी विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के पश्चात मारवाड़ी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ दिलाया एवं छात्र छात्राओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु प्रोत्साहित किया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत परिसर में गुरूवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। मौके पर बोलते हुए अंचलाधिकारी श्री खलखो ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद में मतदाताओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है। ऐसे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस देश के नागरिकों को बेहतर लोकतांत्रिक भविष्य में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का काम करता है। यह युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ मतदान के अधिकार और मूल अधिकार के संबंध में जागरूक करने का प्रयास करता है। वहीं लापुंग में समाजसेवी परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों के साथ यह दिवस मनाया। उन्होंने मतदान के महत्व का जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि देश का भविष्य उन पर निर्भर करता है जिन्हें हम चुनते हैं।यह दिन न केवल युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है बल्कि इस बात की तरफ भी ध्यान लेकर जाता है।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT (CO-OPERATIVE DIVISION)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)**

**Very Short e-procurement Notice**

**Tender Reference No:-** ICDP/RANCHI/09/2023-24
**DATE-** 22.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | 1. Construction of Roadways/Driveways & Landscaping Work. 2. Construction of Boundary wall/Guard Room with main entrance Gate. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 1,91,92,800.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 2,00,000.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 12 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 01.02.2024 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 10.02.2024 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http://Jharkhandtenders.gov.in from 01.02.2024 at 11:00 AM to 10.02.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http://Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 10.02.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 02:00 PM on 12.02.2024.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

"Nothing like voting, I vote for sure"
PR317022 (Co-opretive)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –23/2023–24**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 2.2.2024 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 3.2.2024 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 3.2.2024 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान: 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No LIG - R/385-86,R/387-88 and others High court pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 983528.00 | 19700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No.- 20/124 Set, CD-362 Sector-III and others High court pool quarters under DW&S Division , Ranchi East Ranchi. | 719094.00 | 14400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Seepage repair and Renovation of Toile, Kitchen and Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Hazaribagh police academy at L.S. Block- C of Police academy Hazaribagh,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 2489060.00 | 49800.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 4. | Repairing/Renovation of man hole Chamber and cleaning of sewer line and its allied works at New Vidhan Sabha Campus H.E.C. Dhurwa Ranchi. | 989184.00 | 19800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No.- A-7 12Set, Hinoo Ranchi, B-24 Rajendra Chowk, A/18 48 set near seth sita ram school Doranda and others High court pool quarters under DW&S Division , Ranchi East Ranchi. | 829048.00 | 16600.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 6. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No.- B-24 and B-20 Behind Indra Palace and others High court pool under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1029142.00 | 20600.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 7. | Repairing and rewinding/replacing of burnt 2 H.P., 1.5 H.P &1.00 H.P submersible motor pump and starter at different places in Jharkhand Vidhan Sabha Pool Quarter and other places under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 837334.00 | 16800.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 8. | Improvement of water supply and replacement of damaged sanitary fittings and other misc. works at Qtr.No. E-297 of Sector-II and others of Jharkhand Govt. Pool quarters under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 965127.00 | 19350.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 9. | Construction of 6 Nos 2 Sets Toilet with water supply arrangement at Kaksha shed at Premises Area, C.I.A.T, Padma Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.(Part-B) | 2412677.00 | 48300.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 10. | Seepage repair and Renovation of Toile, Kitchen and Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Hazaribagh police academy at L.S. Block- B of Police academy Hazaribagh,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 2489060.00 | 49800.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 11. | Seepage repair and renovation of toilet, improvement of W/S, S/I & sewerage work at the Chamber of Labour Commissioner (2nd floor) and the Chamber of Deputy Labour Commissioner, (Ground Floor), Shram Bhawan, Doranda, Ranchi under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 976212.00 | 19600.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 12. | Improvement of water supply and replacement of damaged sanitary fittings and other misc. works at C-9/24 (Sachiwalay Colony) & TRANSIT FLAT Hinoo and others of Jharkhand Govt. Pool quarters under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 814312.00 | 16300.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 13. | Cleaning of septic tank, man hole chamber, inspection Chamber and maintenace of sanitary fittings, Gardening pipe line and other allied works at New Vidhan Sabha Campus Dhurwa, Ranchi under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi | 1498696.00 | 30000.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 14. | Seepage repair and Renovation of Toile, Kitchen and Bathroom and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Hazaribagh police academy at U.S. Block-1 of Police academy Hazaribagh,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 2498650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 15. | Repairing/replacement of water supply pipe line and sewerage line works, sanitary fittings and its allied works at the Office of the Labour Commissioner, Shram Bhawan Doranda D.W.&S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 711320.00 | 14300.00 | 1250.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

"Nothing like voting, I vote for sure"

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 317018 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## संत जेवियर्स कॉलेज में मतदाता दिवस के अवसर पर निकाली गयी प्रभात फेरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स महाविद्यालय,रांची के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी, 2024 को प्रातः 8 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. नाबोर लकड़ा के द्वारा इस प्रभात फेरी को गुब्बारे को उन्मुक्त गगन में उड़ा कर प्रारंभ किया गया, जो महाविद्यालय प्रांगण से डंगरा टोली चौक होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर वापस लौटा। इस प्रभात फेरी का लक्ष्य भारतीय लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागृत करना था। कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट मेरा वोट, कौन बदलेगा देश को मेरा वोट मेरा वोट जैसे नारों से छात्रों ने क्लब के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक रहने तथा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष भागीदारी निभाने की अपील की। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि लोकतंत्र में निर्वाचन की अहम भूमिका है, यह लोकतंत्र की रीढ़ है। अपने मताधिकार का प्रयोग सोंच समझकर, निर्भिक होकर, किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, योग्य को चुनने हेतु करना है। तभी लोकतंत्र सुदृढ़ एवं समृद्ध रहेगा। प्रभात फेरी के पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में मतदात प्रतिज्ञा की कराई गयी। इस कार्यक्रम में इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के अध्यक्ष प्रो. बी. के. सिन्हा और नोडल ऑफिसर डॉ. आशुतोष पाण्डेय समेत महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ फादर रार्बट प्रदीप कुजुर , महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज, डॉ. श्रेया पांडेय, प्रो. उत्कर्ष उन्नयन भी सम्मिलित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/13/2023-24 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के प्रखण्ड मांडर अंतर्गत बरटोली से पुनगी जाने वाले रास्ते में पानडीपा के पास कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 515.93800 | 10,32,000 | 10,000 | 24 माह |
| 2 | राँची जिला के बुण्डू प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुटिलौंग एवं बादला, टोला–पोड़लाही के बीच कांची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 911.46700 | 18,23,000 | 10,000 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431349277 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम''

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 317000 Rural Development(23-24)#D

# सरला बिरला स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिखी उधम सिंह की जीवनी



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मेरा सारा तुझपे वारा, सरदार उधम सिंह की देशभक्ति यात्रा विषय पर वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और झारखंड राय यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सविता सेंगर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर हेरिटेज बुक रांची माई सिटी का लोकार्पण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत आर्केस्ट्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका थी, जिसमें शहीद उधम सिंह की देशभक्तिपूर्ण वीरता को दशार्या गया। देश की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदान को भी दशार्या गया। जलियांवाला बाग नरसंहार और भगत सिंह जैसे महान नेताओं के बलिदान के साथ-साथ शहीद उधम सिंह का बदला कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा था। भांगड़ा की थाप, ऑर्केस्ट्रा की झनकार, छऊ, गतका, कलारीपयट्टू में कदमों का समन्वय, विभिन्न देशों के सांस्कृतिक नृत्य हवा में गूंज उठे। शीर्षक गीत मेरा सारा तुझपे वारा की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों, गुमनाम नायकों और भारत रत्न प्राप्तकताओं की वेशभूषा धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व त्याग देने वाले महान देशभक्तों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने आयोजन के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने सरला बिरला परिवार के प्रयासों की सराहना की और विद्यालय के 15वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ताकि बीस साल बाद उनका जीवन आने वाली पीढ़ी के लिए एक संदेश बन जाए।


75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
सह-संयोजक
लोहरदगा संसदीय क्षेत्र (भाजपा)

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
गंगोत्री कुजुर
पूर्व विधायक, मांडर विधानसभा

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं
पूनम उराइन
मुखिया, तरंगा पंचायत

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
नीलकंठ कच्छप
बी पी एम, जे एस एल पी एस, चान्हो

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं
प्रेम कुमार
मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
DAPS DAR-AL-ARQAM PUBLIC SCHOOL
शमीम अंसारी
निदेशक, फरहाना परवीन प्रिंसिपल दार अल अरकम पब्लिक स्कूल, कंदरी मांडर, रांची

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
तुफैल अंसारी
गवर्नमेंट सिविल कॉन्ट्रैक्टर, मांडर, रांची

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
MEDICANA
MEDICANA NURSING HOME
Bijupara, Ranchi -835214
डॉ तल्हा एवं डॉ हनीफ
मेडिकाना नर्सिंग होम, खलारी रोड, बिजुपाड़ा

75 वां गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
डॉ सुशील कुमार मिंज
प्राचार्य शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज, चान्हो

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
मो जुनैद आलम
होप हॉस्पिटल, मदरसा चौक, चान्हो

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
डॉ किशोर कुल्लू
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
मनकु प्रजापति
प्रो रोहन स्टील, कंदरी मोड़, वंडरलैंड स्कूल के समीप

AMERICAN PUBLIC SCHOOL
CO-EDUCATIONAL ENGLISH MEDIUM
Class - Pre Nur to 9th
Under Construction
ADMISSION OPEN
Our Facilities
Clean, Conducive and Lively School Environment
Qualified and Experienced Teacher's & Staff.
Activity based, Fun Filled learning.
Separate Playground
Computer Classes
Karate & Yoga Class.
Memory Development
School Bus
Spoken English.
वाहन सुविधा उपलब्ध है
Pungi More Mandar
Contact No.: 7004379730, 8809569635

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
फैयाज अहमद जहांगीर
प्राचार्य, मांडर महाविद्यालय मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं
विनय कुमार यादव
थाना प्रभारी मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं
मो खालिद
डी एस डी मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
सईद अख्तर
प्रदेश प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
मो नेशार आलम
निदेशक, वंडरलैन्ड स्कूल, कंदरी मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
मो नेशार आलम
निदेशक, वंडरलैन्ड स्कूल, कंदरी मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
फहद खान
प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, झारखंड

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
आशुतोष तिवारी
नेता नहीं क्षेत्र का बेटा
जनसेवी सह अधिवक्ता एवं जिला परिषद सदस्य, चान्हो

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
अशोक बाघवर निदेशक, अरुण बाघवार प्रिंसिपल
बाघवार एकेडमी चान्हो

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
BRIGHT HOPES SCHOOL
नामांकन चालू

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
आलोक कुमार तिवारी
प्रिंसिपल, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, नारो मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
मनोरंजन कुमार
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मांडर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं
होलिका देवी
प्रखंड प्रमुख, चान्हो

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
साधु उरांव
उपाध्यक्ष, सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति राँची

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
अमीन अंसारी
निदेशक सह प्रधानाध्यापक, आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं
सुरजीत साही
जिला सचिव कांग्रेस

IHM RANCHI | Jharkhand Tourism | NCHMCT
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT CATERING TECHNOLOGY AND APPLIED NUTRITION
(An Autonomous Institution under Department of Tourism, Govt. of Jharkhand)
(Affiliated to National Council for Hotel Management & Catering Technology, Degree Awarded by JNU)
Wishing You all
Freedom in mind, Faith in words,
Pride in our heart, Memories in our soul.
Lets Salute the nation on Republic day.
January Republic Day
Admission Open 2024-25
B.Sc. in H & HA
Diploma and Craftsmanship Certificate
Brambe, Ranchi- 835205
9162724666, 9162336888 | ihmranchi@gmail.com | www.ihmranchi.in

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
ओम प्रकाश आनंद
प्रो आनन्द भारत गैस ग्रामीण वितरक, मुड़मा, ब्राम्बे

"शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है, समय आने पर भूखे रहें पर बच्चों को जरूर पढ़ाए"
नशा पान कम करें,स्वस्थ रहें, स्वास्थ्य ही धन है
समस्त भारतवासी को 75 वें गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं'
डॉ परमेश्वर भगत
(पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी, मांडर विधानसभा क्षेत्र)



75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
प्रेमिका कुमारी मुखिया
गोरहर पंचायत ,बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
चंपा कुमारी प्रधानाध्यापिका
नव प्राथमिक विद्यालय कोनहरा कला,बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
डॉ रत्ना रानी
चिकित्सा प्रभारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
सिंपल कुमारी
वार्डन, के जी बी भी , बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
सुरजी देवी
उप प्रमुख बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
इंद्रदेव प्रसाद
अध्यक्ष, मुखिया संघ बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
डॉ. चंचला कुमारी
(आयुष चिकित्सक)ओम सनराइज हॉस्पिटल बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
सत्येंद्र प्रसाद, डायरेक्टर
पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
राजाराम मांझी
सचिव, झामुमो बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
पवन कुमार प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवाँ, बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
शशि भूषण प्रसाद अध्यक्ष
अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, बरकट्ठा, हजारीबाग

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
बीरबल प्रसाद
सचिव, मानव विकास संस्था हजारीबाग

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
दिलीप कुमार डायरेक्टर
जन-जन कंप्यूटर साक्षरता अभियान,बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
रीता देवी
मुखिया,चेचकपी पंचायत बरकट्ठा

(अपना लक्ष्य प्रखंड विकास ।) जय हिंद जय भारत
समस्त झारखंड वासियों को
75 वें गणतंत्र
दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री जयपाल सोय (प्रखंड विकास पदाधिकारी)
अनगड़ा, रांची झारखंड

समस्त झारखंड वासियों को
75 वें गणतंत्र
दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गिरजा शंकर महतो (प्रखंड विकास पदाधिकारी)
तमाड़, रांची झारखंड

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
महेंद्र प्रसाद डायरेक्टर
मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी, बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक
प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
कुमकुम देवी
जिला परिषद सदस्य ,बरकट्ठा

बिजली में बचत विकास में सहयोग। सही उपयोग कर विकास पथ पर हाथ बढ़ाएं। जय हिंद, जय भारत।



75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रभात कुमार श्रीवास्तव
(महाप्रबंधक) जेबीवीएनएल कुसई कालोनी, रांची झारखंड

(समय पर उपभोक्ता अपना बिजली बिल भुगतान कर अपना कर्तव्य निर्वहन करे।) वंदे मातरम
समस्त झारखंड वासियों को
75 वें गणतंत्र
दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अमित कुमार (विद्युत कार्यपालक अभियंता)
ईईई, डोरण्डा, कुसई कालोनी , रांची झारखंड

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
गौतम कुमार
थाना प्रभारी बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
श्रीकांत लाल मांझी
अंचलाधिकारी ,बरकट्ठा

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
जानकी प्रसाद यादव
पूर्व विधायक बरकट्ठा विधानसभा




बिजली आपकी सम्पत्ति है सही उपयोग कर विकास पथ पर हाथ बढ़ाए। जय हिंद जय भारत
समस्त झारखंड वासियों को
75 वें गणतंत्र
दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री पंकज जयसवाल (कनीय अभियंता)
जेबीभीएनएल, टाटीसिलवे, रांची झारखंड

अपना लक्ष्य अंचल विकास पर 'वंदे मातरम'
समस्त झारखंड वासियों को
75 वें गणतंत्र
दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राजू कमल (अंचल पदाधिकारी)
अनगड़ा रांची झारखंड।




75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
राकेश ठाकुर
वरीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जनता दल (यू), हजारीबाग

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
अरविंद कुमार राणा
युवा समाजसेवी बरही

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
पप्पू कुमार राणा
युवा समाजसेवी बरही




75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
थारूणिका स्टाइलिश स्टूडियो
की तरह से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त हजारीबाग वासियों एवं हार्दिक शुभकामना एवं बधाई

75 वें गणतंत्र दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं



बिमल किशोर
कनीय अभियंता
पेयजल और स्वच्छता विभाग, बरही

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं



जन सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट
की तरह से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त हजारीबाग वासियों एवं हार्दिक शुभकामना एवं बधाई।



75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
डॉ संदेश कुमार सर्जन
अब्दुल गफ्फार मेमोरियल चाइल्ड केयर एंड रिसर्च सेंटर, बरही



75 वां गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
मां विंध्यवासिनी बी. एड कॉलेज
पदमा,हजारीबाग




75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
शैलेश कुमार
+2 आईलेक्स पब्लिक स्कूल, पंचमाधव
(सीबीएसई मान्यता प्राप्त)
आकर्षण : स्मार्ट क्लास, वृहद प्लेग्राउंड, हॉर्स राइडिंग, कराटे, कंप्यूटर लैब, ट्रांसपोर्टिंग, लाइब्रेरी और भी अन्य.

75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
कांग्रेस जिंदाबाद।
राहुल-सोनिया जिंदाबाद।।
उमाशंकर अकेला यादव
विधायक बरही विधान सभा सह सभापति झारखंड विधान सभा
निवेदक अब्दुल मन्नान वारसी
प्रखंड अध्यक्ष (कांग्रेस ई), बरही



75 वें गणतंत्र
दिवस की झारखंडवासियों को शुभकामनाएं
किशोरी राणा
राष्ट्रीय अध्यक्ष नव झारखंड फाउंडेशन

## एक नजर

### राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री को किया गया आमंत्रित



रांची। मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी और एक फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अन्तू तिर्की की अगुवाई में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को दो दिवसीय जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव कराने का जो अवधारणा आप लोगों ने लिए है वो काबिले तारीफ है राष्ट्रीय स्तर का जतरा लगाने से आदिवासियों के कला संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, खानपान, भाषा बोली एवं वेशभूषा में मजबूत नींव रखा जाएगा।

### अगले सप्ताह से तापमान में होगा बढ़ोत्तरी, ठंड से मिलेगी राहत

रांची। शीतलहर झेल रहे झारखंड के लोगों को कुछ दिनों में ठंड से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले सप्ताह अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी। सप्ताह के पहले तीन दिन तक अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान है। जबकि इसके बाद झाखंड के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य के करीब पहुंच जाने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक 26 जनवरी से 31 जनवरी के बीच अधिकतम तापमान 22 से 27 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड का मौसम अगले 15 दिन तक शुष्क रहेगा।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का वार्षिकोत्सव

**रांची।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बालिका बरियातू रोड में वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को उभारने और उसे प्रेरित करने में शिक्षक की भूमिका अहम है। उन्होंने विद्यालय के ई-मैगजीन के विमोचन किया। विद्यालय में पहली बार वार्षिकोत्सव की उन्होंने सराहना की। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दीप्ती कुमारी ने बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाई करने की सलाह दी। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। प्रभारी प्राचार्य दीपक कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय की ओर से जीवंत मॉडल भी पेश की गयी। मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन डॉ शाहनवाज कुरैशी एवं डॉ श्वेता सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुनील पांडेय ने किया। मारग्रेट एक्का और अनुश्री कुमारी को बेस्ट टीचर का आवर्ड दिया गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर वाहनों के रूट में किया गया बदलाव

# मोरहाबादी मैदान और आसपास सामान्य वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद



नवीन मेल संवाददाता। रांची
गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी में आयोजित मुख्य समारोह को लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में 26 जनवरी को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके अलावा शहर के कई रूट को डाइवर्ट किया गया है। समारोह स्थल के आसपास 14 ड्रॉप गेट बनाये गये हैं। कार्यक्रम के दौरान छोटे वाहनों को पहले की तरह ही आवाजाही की इजाजत होगी। छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर जा सकेंगे। वहीं बड़े वाहन परिवर्तित मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जा सकते हैं। प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को समारोह के दिन समय पर अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर तैनात रहने का निर्देश दिया है।

**मैदान के आसपास सामान्य वाहनों के प्रवेश पर रोक :** डीसी आवास से मोरहाबादी की ओर जाने वाली सड़क पर केवल वीआईपी, अधिकारियों और मीडिया कर्मियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। दीनदयाल नगर से डीसी आवास होते हुए मोरहाबादी तक के मार्ग पर सामान्य वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। सांसद शिबू सोरेन के आवास से सटी सड़क पर सामान्य वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। आर्मी ग्राउंड के सामने वाली सड़क पर अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के अलावा अन्य वाहनों के प्रवेश वर्जित रहेंगे। हॉकी स्टेडियम के पास सामान्य वाहन प्रवेश नहीं कर सकते हैं।

**शुक्रवार के लिए शहर की रूट**
शहर से कांके होते हुए बोड़ेया आने वाले वाहन बोड़ेया तक ही आ सकेंगे। पलामू-लोहरदगा से रांची आने वाले वाहन पंडरा तक, जमशेदपुर से रांची आने वाले वाहन दुर्गा सोरेन चौक लोवाडीह तक और चाईबासा-खूंटी की ओर से आने वाले वाहन बिरसा चौक तक ही आ सकेंगे। गुमला-सिमडेगा से रांची आने वाले वाहन आईटीआई बस पड़ाव तक, पतरातू से रांची आने वाले वाहन कांके होते हुए लॉ यूनिवर्सिटी तक, गुमला-सिमडेगा से अरगोड़ा भाया रांची कटहल मोड़ तक, जमशेदपुर सदाबहार चौक से रांची पहुंचने वाले वाहन-सदाबहार चौक तक, रामगढ़-ओरमांझी से बूटी मोड़ होकर रांची आने वाले वाहनों को बूटी मोड़ तक आ सकेंगे।

### स्कूटी चोरी करने वाली मां बेटी हुई गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में मां बेटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस चोरी की स्कूटी भी बरामद की है। स्कूटी मधुकम निवासी विकास कुमार साहु का है। गिरफ्तार आरोपी पूनम देवी अपने बेटी अनु कुमारी के साथ सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है और वे मेड का काम करती है। पुलिस अनुसार बीते मंगलवार को गाड़ी खाना चौक के पास से स्कूटी चोरी की थी। रात में केस दर्ज कर पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाने पर पता चला कि एक महिला व उनकी बेटी ने घटना को अंजाम दिया है। चोरी की स्कूटी बिड़ला मैदान से बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी चोरी का बताया जा रहा है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि स्कूटी को चोरी करने की मंशा से घटना को अंजाम दिया गया था।

# सोशल मीडिया पर सीसीएल करेगा क्वेस्ट क्विज की शुरूआत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीसीएल ने एक नई पहल के रूप में अपने सोशल मीडिया पर सीसीएल क्वेस्ट (बूझो तो जानें) क्विज की शुरूआत निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र की उपस्थिति में की गयी। इस क्विज के माध्यम से खनन, लाइफस्टाइल एवं स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस प्रयास से सीसीएल को ऑनलाइन कम्युनिटी से जुड़ने का और बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस प्रश्नोत्तरी से ज्ञानवर्धन भी होगा। प्रत्येक माह के अंत में सीसीएल के फेसबुक पेज पर सही उत्तर देनेवालों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस क्विज श्रृंखला के प्रथम भाग में मैराथन से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे और मैराथन के बारे में जागरूक किया जायेगा। जानकारी हो कि आगामी 11 फरवरी को कोल इंडिया के तत्वावधान में द्वितीय कोल इंडिया मैराथन रांची में आयोजित किया जा रहा है। यह मैराथन महिला एवं पुरुष की चार श्रेणी फुल मैराथन 42.19 किमी, हाफ मैराथन 21.09 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी में आयोजित किया जायेगा। विजेताओं को पुरस्कार स्वरुप कुल 33.12 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों ने इस पहल की तारीफ की है। इच्छुक धावक 28 जनवरी तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस क्विज के शुरूआत में जनसंपर्क विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पीजी एडमिशन के लिए छात्र-छात्राएं रहे परेशान, तिथि बढ़ाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद नारायण से मुलाकात कर उन्हें पीजी के छात्र-छात्राओं को एडमिशन लेने में हो रही परेशानी से अवगत कराया। आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा के बीते दो-तीन दिनों से छात्र-छात्राएं एडमिशन फॉर्म भरने को लेकर काफी परेशान है। जिसकी अंतिम तिथि 29 जनवरी है। जबकि बैंक में 26, 27 और 28 जनवरी को अवकाश है। ऐसे में 29 तारीख को एडमिशन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है। तीन दिनों तक छुट्टी के कारण छात्र छात्राओं की आज सुबह से भीड़ लगी रही। शाम 4 बजे विश्वविद्यालय का बैंक बंद हुआ और सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। हर एक साल पीजी कैंपस में एडमिशन के लिए एक्सटेंशन काउंटर खोला जाता था, जो की इस बार नही खुला है। छात्र आजसू के सदस्य ने मांग किया के पीजी विभाग में एक्सटेंशन काउंटर खोला जाए। एडमिशन लेने एवं फॉर्म भरने की तिथि को 5 दिनों के लिए बढ़ाया जाए। कुलसचिव ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर पुलिस अलर्ट वाहनों की जांच शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गणतंत्र दिवस को लेकर शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। रांची पुलिस की टीम ने बुधवार की देर रात से शहर के सभी होटलों और लॉज में ठहरने वाले लोगों के बारे में जांच की। इस दौरान होटल में रहने वाले लोगों के बारे में पुलिस ने गहनता से छानबीन की और तलाशी भी ली। इसके अलावा देर रात को एंटी क्राइम चेकिंग भी चलता रहा। इधर, मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। एसएसपी ने समारोह की तैयारी को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये हैं। समारोह स्थल व आसपास चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किये गये है। वहीं कार्यक्रम स्थल की ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। गुरूवार को भी शाम से देर रात तक पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने विभिन्न चौक चौराहों पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों की जांच और लोगों से पूछताछ की गयी। एसएसपी के अलावा सिटी एसपी, डीएसपी सहित कई अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य एस के मिश्रा ने परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थी को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और अभिरुचि से कामयाबी मिलती है। परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता हिनू स्थित केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित की गई थी। इसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। उनमें से पांच का ही चयन होना था। उन पांच चयनित प्रतिभागियों में एक डीएवी हेहल का छात्र आदित्य राज भी सौभाग्यशाली रहा। जिसने विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाया। बताते चलें कि आदित्य राज, कक्षा नवमी ज का एक मेघावी और होनहार छात्र है। इस अवसर पर प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने उसे प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक सोहन राणा ने 25 जनवरी का महत्त्व बताते हुए कहा कि आज ही के दिन यानि 25 जनवरी, 1950 को भारतीय निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था। 25 जनवरी 2011 से इस तिथि को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में भी आयोजित किया जाता है। इसमें युवा मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया जाता है। मतदान प्रजातंत्र के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है जिससे प्रजातंत्र की सफल सुनिश्चित होती है।

# लोहरदगा के चार युवक ऑनलाइन बेचेंगे अपने मांदर



**अमित कुमार**
**रांची।** मांदर की धुन पर झारखंड के नृत्य सुशोभित होते हैं। हर पर्व त्यौहार में मांदर बजाने का रिवाज परंपरागत रूप से रहा है। करम, सरहुल, जितिया सहित त्योहारों और पूर्व संध्या एवं शादी विवाह जैसे अन्य कार्यो में इसे बजाया जाता है। यूं कहें तो यह हर झारखंडी के घर की जरूरत है। आज मांदर बनाने वालों की संख्या काफी कम है। लेकिन लोहरदगा के एक गांव चमडु में नायक परिवार के चार नवयुवक इस काम को बखूबी कर अपने हुनर को साबित कर रहे हैं। अंजीवन नायक, सौरव नायक, अमन नायक और पीतांबर नायक अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने परंपराग कार्य को करते हुए महीने के एक लाख रुपये पॉकेट मनी के रूप में कमा रहे हैं। ये चारों आठवीं कक्षा के छात्र हैं, जो राजकीय उत्क्रमिक उच्य विद्यालय साहबुट्टी सेन्हा में पढ़ाई करते हैं। इसके साथ वे चारों अपने सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय सेना की तैयारी में भी लगे हैं।

**रोज देते हैं सिर्फ चार घंटे :** एक छात्र महीने में कुल 12 मांदर बना लेते हैं। एक मांदर कि कीमत 2000 रुपये से 10000 रुपये तक का होती है। पढ़ाई करने के साथ वे हर दिन सिर्फ चार घंटे ही इस कार्य के लिए दे पाते हैं।

**ऑनलाइन में लोकल फॉर वॉकल को मिल रहा है सहयोग**
बीटूबी बिजनेस मॉडल पर नवयुवक कार्य करने जा रहे हैं। इसके साथ ही जुआ एप्स सहित कई लोकल एप्स उनके साथ काम करने के लिए आगे आये है। इसे झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा के जनजातीय क्षेत्रों में बीटूबी के साथ करने की भी तैयारी है। उन चारों के परिवार में कुल 21 लोग इस कार्य में लगे हैं। निर्माण कार्य को अधिक तेजी देने के लिए तकनीक से भी जुड़े हैं।

**अंजीवन नायक :** मेरे घर में मेरे अलावे कुल पांच लोग इसे बनाते हैं दादा-परदादा के समय से यह काम होता आ रहा है। पढ़ाई के साथ यह मेरा घरेलू काम है, जिसे करना मुझे अच्छा लगता है।

**सौरवा नायक :** दादा के साथ मिलकर करते हुए आज अपने पिता का सहयोग कर रहा हूं। स्कूल से आ कर होमवर्क वगैरा पूरा कर मैं इस काम में लग जाता हूं।

**अमन नायक :** महीने का 10 से 12 मांदर मैं अकेले ही बना लेता हूँ, मेरे परिवार में अन्य चार लोग ओर है, जो इसमें लगे है। आज अपने दोस्तो के साथ मिल कर इसे ऑनलाइन बेचेंगे।

**पीतांबर नायक :** बदलते समय और टेक्नोलॉजी के साथ अपने व्यवसाय में बदलाव की जरूरत है। इसके लिए मशीनी तकनीक की सहयोग से निर्माण कार्य को तेज करना चाहते हैं।

### मांदर बनाने की विधि

मंदार बनाने की विधि सबसे पहले मिट्टी को पानी के साथ मिलाकर गोलाकार गोंदली बना लिया जाता है। यह अंदर से खाली रहता है। इसे गीली अवस्था में ही पीट-पीट कर एक आकार दिया जाता है। फिर इसे सुखने के लिए छोड़ दिया जाता है। सुखने के बाद इसे पुआल के आंच में पकाते हैं, जिसके बाद इस पर चुना का लेप रगड़ा जाता है। फिर इस पर चिरि बांध कर इसके दोनों ओर कटोरानुमा चमड़े को लगाते हैं। जिसे चमड़े की सूखी रस्सी से फूल के आकार में पुआल की रस्सी के साथ बांधा दिया जाता है। इसके बाद ऊपर से नीचे की ओर पत्ले चमड़े का ताना लगाया जाता है। इस ताने के उपर से चमड़े का पत्ली रस्सी से 40 से 65 बार बांधा जाता है । इस प्रक्रिया के बाद उसके दोनों ओर लगे कटोरा को सुखाकर खुरपी से रगड़ कर खरन का समीकरण लगाते है। छोटा कटोरा की में बाल खरन लगाया जाता है जिससे इसका धुन पतला (ट्विटर) के समान निकलता है। वहीं दूसरी ओर बड़ा कटोरा की और गट्टी खरन लगते हैं जिससे मोटा आवाज (बास) की तरह निकलता है। अंत में खरन और लोरी को सेट कर ध्वनि को संतुलित किया जाता है। इस आवाज मिलान प्रक्रिया को नीमराना कहते हैं जिसके बाद मांदर तैयार हो जाता है।































## एक नजर

### उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** जिले में 25 जनवरी को 14 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय सामटोली, सिमडेगा में किया गया। जिसमें जिले के सात स्कूलों के बच्चे बच्चियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में पहुंच जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने नए वोटरो को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने संबोधन करते हुए भारतीय संविधान व उसमें मिलने वाले अधिकार के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रजातंत्र की रीढ़ की हड्डी के समान है ।वहीं सफल निर्वाचन के लिए यह बहुत जरूरी है कि सभी के पास अपना मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध हो एवं वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।साथ ही उपायुक्त ने सभी नए मतदाताओं से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपना वोट देकर सरकार द्वारा निर्धारित 80 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।

### परीक्षा संचालित करने के लिए डीसी ने की बैठक

**सिमडेगा।** गुरुवार को उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023-24 के संचालन एवं विधि व्यवस्था संधारित करने हेतु बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु कोषागार में वरीय दंडाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारी एवं पर्यवेक्षक सह-स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले में चयनित परीक्षा केंद्र के सभी प्रधानध्यापक को अपने विद्यालय में परीक्षार्थियों को पेयजल, समुचित बेंच-डेक्स एवं कैंटीन की व्यवस्था आदि आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने हेतु निर्देश दिए। साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की बात कहीं।बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि इस परीक्षा के लिए सिमडेगा जिला में कुल 10 केन्द्र बनाये गये हैं। सभी परीक्षा केन्द्र जिला मुख्यालय एवं आस-पास में है।

### झामुमो की हुई बैठक,पंचायत कमेटी को मजबूत करने का लिया निर्णय

बानो। झामुमो प्रखण्ड कमिटी की बैठक बिरजो कंडुलना की अध्यक्षता बैठक हुई।बैठक में पंचायत कमिटी को मजबूत बनाने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने तथा आगामी लोकसभा चुनाव के लिये रणनीति बनाई गई। बैठक में 26जनवरी को भगवान बिरसा मुंडा चौक में झंडोत्तोलन करने के सम्बंध में चर्चा की गई। मौके पर काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नव मतदाता राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेवारी निभाने को तैयार रहें : प्रियंक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के नेतृत्व में सिमडेगा जिला के वीरु प्रातं के नर्सिंग सेन्टर में प्रोजेक्ट्स के माध्यम से नव मतदाताओं को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नव मतदाताओं के प्रति संदेश से परिचित कराया गया। इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन लोगों से आग्रह किया जिन्होंने अभी तक खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं किया है वे जल्द से जल्द पंजीकृत हो जाए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमारे देश की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था का परिचय है 'नवमतदाता भारत के भाग्य विधाता' कार्यक्रम प्रभारी प्रियंक भगत ने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नव मतदाताओं के मतदान से जनप्रतिनिधि विधानसभा एवं संसद भवन पहुंचते हैं। जहां वह मतदाताओं के अधिकारों एवं संरक्षण के लिए कई नियम, कानून एवं योजनाएं पारित किए जाते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की नव मतदाताओं द्वारा किए गए मतों का प्रयोग, उनका संवैधानिक अधिकार है। वहीं जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि नव मतदाता गण राष्ट्र की पहचान का एक अहम हिस्सा है। नव मतदाता अपने मतों का सही प्रयोग करके राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका अदा करें। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में संपन्न करना है। जिसमें नव मतदाताओं एवं युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका होगी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुप प्रसाद, दीपक पुरी, श्रद्धानंद बेसरा, संजय ठाकुर, तुलसी साहू, राकेश रविकांत प्रधान, दुर्ग विजय सिंह देव, अनिरुद्ध सिंह दांगी, विद्या बड़ाईक, मनीष कुजूर, करण सिंह, हँसा रानी, शिखा अग्रवाल, पिंकी प्रसाद एवं घनश्याम सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

### झारखंड पार्टी के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखण्ड के परकला में गुरुवार को झापा का कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में पूर्व मंत्री सह केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ,युवा झापा अध्यक्ष संदेश एक्का एवं आइरिन एक्का उपस्थित थे।सम्मेलन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन झापा को मजबूत एवं आगामी 31 जनवरी को माइकल किण्डो स्टेडियम कुरडेग में नगाड़ा पिटावन रैली आयोजित करने की तैयारी के लिए किया गया है।उन्होंने कांग्रेस एवं भाजपा को ठग पार्टी कहा।आजादी के बाद से दोनों पार्टी के विधायक सांसद जीतते रहें हैं और वर्तमान में भी कांग्रेस के विधायक एवं भाजपा के सांसद है लेकिन दोनों राष्ट्रीय पार्टी इस क्षेत्र के विकास में कोई काम नहीं किया और न ही दिलचस्पी दिखाते हैं। केवल धर्म के नाम पर डराने का काम किया गया।मैं जब कोलेबिरा का विधायक था तो इस क्षेत्र का भी विकास कार्य किया।

# भुवनेश्वर वेटलिफ्टिंग में भाग लेंगे तीन युवा



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड अंतर्गत थाना मोड़ स्थित कसरत क्लब के संचालक राहुल कुमार साहू ने बताया की 26 जनवरी को भुवनेश्वर में होने वाले वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कसरत क्लब के तीन सदस्य जिसमें राहुल कुमार साहू, अकरम अहमद और समीर केरकेट्टा भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला की ओर से अपना दम दिखाने को पूरी तैयारी कर चुके है। जिसे लेकर सिमडेगा वासियों की ओर से उनको शुभकामना भी दिया गया। जिला वासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिमडेगा जिला और झारखंड राज्य का परचम लहराकर आए। मिली जानकारी के अनुसार राहुल कुमार साहू कसरत क्लब के संचालक है वे पूर्व में थाईलैंड में वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने उस चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

# पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा गुरुवार को लमडेगा पंचायत सभागार में लीड्स संस्था के द्वारा दो दिवसीय पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम सभा के सदस्यों , महिला संगठन के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन लिड्स संस्था के कुलदीप ने ग्राम सभा के कार्य ,दायित्वों, और कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दिया वहीं कलिंदर प्रधान ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम सभा के मजबूतीकारण करने हेतु प्रशिक्षणार्थी से राय लिया गया। तथा ग्राम सभा के मजबूतीकरण के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। तथा दूसरे दिन संस्था के कलिंदर प्रधान ने श्रम विभाग के योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दिया । वही आत्मा के एटीएम नितेश ने ग्रामीणों को जैविक कृषि के बारे बताया । तथा मिट्टी की उर्वरकता को बरकारार रखने के जैविक विधियों की जानकारी दिया ।तथा कृषि से जुड़े योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने गामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया ।और कहा कि कृषि से जुड़े योजनाओं के लाभ लेने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं पंचायत के मुखिया बिपिन बडिंग ने लीड्स संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लोगों को हक अधिकार को समझने जानने के लिए जागरूक कर रही है समय समय पर सेमिनार और बैठक आयोजन कर ग्रामीणों के लिए उनके संरक्षण के लिए कार्य कर रही मौके पर लीड्स संस्था के कुलदीप सुरीन, कलिंदर प्रधान, मनोज बिंझिया आत्मा के एटीएम नितेश पॉल एक्का लमडेगा पंचायत के मुखिया बिपिन बडिंग पंचायत सचिव शिबू साहू, नवनियुक्त पंचायत सचिव टोपनो मैडम पंचायत प्रतिनिधि,वार्ड सदस्य अनिमा सुरीन, संकर बड़ाईक राजेश बड़ाईक समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोडरमा स्टेशन में उतारा गया अधेड़ का शव

**झुमरी तिलैया।** आरपीएफ व जीआरपी कोडरमा ने गुरुवार को नेताजी एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-3 से एक अधेड़ का शव उतारा। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के बनारस जिले के जनसा निवासी शिकारी पिता श्यामदेव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गुरुवार को दोपहर 12.17 बजे धनबाद मुख्यालय से सूचना मिली कि नेताजी एक्सप्रेस के कोच सं एस-3 के गेट पर एक यात्री की स्वभाविक मौत हो गई है। सूचना पर जीआरपी कोडरमा के एएसआई विजय प्रसाद सिंह, रेल डॉक्टर शैलेश कुमार व कोडरमा स्टेशन प्रबंधक आदि ने दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर प्लेटफार्म संख्या 4 पर उक्त कोच को अटैंड किया। रेलवे डॉक्टर द्वारा जांच करने पर उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के पास मौजूद पहचानने वाले युवक साई मोहम्मद ने बताया कि मैं एवं मेरे साथी शिकारी कोलकाता चितपुर में जियो टावर में मजदूरी का काम करते थे।

# एनएसयूआई ने चलाया गॉस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा में सदस्यता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सदस्यता अभियान के तहत सिमडेगा के गॉस्नर इंटर कॉलेज में गुरुवार को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष, सरताज खान, के निर्देश अनुसार एनएसयूआई के जिला सचिव अशोक राम ने चलाया सदस्यता अभियान वही एनएसयूआई के जिला सचिव अशोक राम ने छात्रों को संबोधन करते हुए कहा कि जिला के सभी कॉलेजों में, सदस्यता अभियान चलेगी। छात्रों की छोटी-बड़ी सभी समस्या जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उस पर हम सभी कार्य करने का संकल्प लेते हैं। साथ ही सभी छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते आ रहे हैं और आगे भी साथ चलने का कार्य करेंगे। इस सदस्यता अभियान के माध्यम से हम छात्रों से सीधा जुड़ पाएंगे उनके समस्याओं को सुन पाएंगे समझ पाएंगे उन समस्याओं का निवारण करने का प्रयास करेंगे तथा छात्रों से सीधा संवाद कर पाएंगे हम निरंतर पिछले कई वर्षों से छात्र हित के लिए कार्य करते आ रहे हैं। और आगे भी निस्वार्थ भाव से छात्रों के लिए काम करते रहेंगे जिले में हजारों नए छात्र है जिससे संपर्क कर इस अभियान के तहत हम उन तक पहुंच पाएंगे तथा उन्हें सदस्यता अभियान के माध्यम से जोड़ने का काम करेंगे हमारी सदस्यता अभियान द्वारा छात्रों को निशुल्क जोड़ा जा रहा और हमलोग सभी साथी छात्रों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।! छात्रों ने पुरजोर समर्थन करते हुए एनएसयूआई जिंदाबाद, लड़ेगा छात्र पढ़ेगा छात्र का नारा लगाकर सैकड़ों की सिंखिया में एनएसयूआई का दामन थामा । साथ ही कॉलेज में एनएसयूआई के पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया जिसमे कॉलेज अध्यक्ष के रूप में विमला कुमारी और उपाध्यक्ष, नीरज केसरी बने। मौके पर उपस्थिति, जैद अंसारी, निर्मला कुमारी, संजू किंडो, किरण सोरेन, निर्मल खलखो, इत्यादि उपस्थित थे।

# ओमप्रकाश साहू को खूंटी लोकसभा का सह संयोजक बनाए जाने पर भाजपा ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी 14 लोकसभा के लिए लोकसभा प्रभारी संयोजक एवं सह संयोजक नियुक्त किये हैं।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू को खूंटी लोकसभा का सह संयोजक नियुक्त किया गया है।ओमप्रकाश साहू को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सहसंयोजक बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई देते हुए कहा है की कद के अनुसार उन्हें जिम्मेवारी मिली है आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में खूंटी लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और जीत का परचम लहरायेगी।बधाई देने वालों में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल कु बेसरा, जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह, दुर्गविजय सिंह देव, अमरनाथ बामलिया, श्रद्धानंद बेसरा, सुजान मुंडा, सोनी पैंकरा, संजय ठाकुर, दीपक पुरी, अनूप प्रसाद, भोला साहू, उपेंद्र श्रीवास्तव, सतीश पांडे, मनोज साय, प्रणव कुमार, संजय शर्मा, रवि गुप्ता, तुलसी साहू, राकेश रविकांत, कृष्ण ठाकुर, श्रीलाल साहू, रामविलास बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक, नवीन सिंह, डॉ महेंद्र भगत, मुकेश श्रीवास्तव, दीप नारायण दास, कृष्णा बड़ाईक सावित्री देवी, अजय सिंह, महेश साहू , बसंत मांझी, हीरा राम, पिंकी प्रसाद, नंदिनी दास, हंसा देवी, कमला प्रसाद शकुंतला देवी, सत्यनारायण प्रसाद, नीरज बड़ाईक सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### शैक्षणिक पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 11 फरवरी को

**कोडरमा।** ग्रिजली स्कूल के द्वारा शैक्षणिक पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 11 फरवरी को बचपन प्ले स्कूल परिसर में आयोजित है। जानकारी देते हुए ग्रिजली स्कूल के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि जो भी इच्छुक व्यक्ति ग्रिजली स्कूल और ग्रिजली पब्लिक स्कूल (बचपन प्ले स्कूल) में शिक्षक के रोजगार को पाना चाहते हैं, वैसे उम्मीदवारों के लिए यह साक्षात्कार आयोजित है। साक्षात्कार बचपन प्ले स्कूल में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। स्कूल द्वारा पीजीटी, टीजीटी, पीआरटी, टाइपिस्ट,आर्ट एंड क्राफ्ट एवं नर्सरी टीचर के रिक्त पद के लिए यह साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के दिन उम्मीदवारों के सुगम आगमन और प्रस्थान के लिए बस की सुविधा भी दी जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल, सिमडेगा सदर रेफर



कुरडेग । थाना क्षेत्र के कुरडेग कुटमाकछार मुख्य पथ के जेरवा खुंटाटोली के पास अनियंत्रित होकर बाइक चालक गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार खीस्त आनन्द मिंज 25 वर्ष पिता जार्ज मिंज निवासी टैंसेर करमटोली अपने मित्र के साथ दीदी के घर जा रहा था इसी क्रम में तीव्र गति होने के कारण बाइक से संतुलन खो दिया।जिससे सड़क घुमावदार होने से अनियंत्रित होकर पेड़ को जोरदार टक्कर मारी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये घटना की सुचना मिलते ही कुरडेग पुलिस दोनो घायलों को इलाज के लिए कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लायी। जहाँ डॉ० दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिए। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के कस्तूरबा स्कूल के पास के घटी जिसमें बिनोद बाड़ा 26 वर्ष पिता फ्रांसीस बाड़ा निवासी सम सेवई अनियंत्रित होकर सड़क पर गीर पड़ा जिससे पैर टूट गया कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद सिमडेगा रेफर कर दिए।

## मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक

# 17,428 नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा की अध्यक्षता में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत राजनेतिक दलों के साथ बैठक की गयी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, समडेगा द्वारा बताया गया कि अंतिम प्रकाशन के उपरांत सिमडेगा जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 4,52,154 है, जिसमें पुरुष मतदाता की संख्या 2,20,076, महिला मतदाता की संख्या 2,32,087 एवं तृतीय लिंग के मतदातओं की संख्या 01 है। इस बार कुल 17,428 नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है, जिसमें 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या 10,373 है। मतदाता सूची से कुल 24,060 मृत, दुबारा प्रविष्टि तथा अनुपस्थित मतदाताओं को हटाकर किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा द्वारा राजनैतिक दल के प्रतिनिधि को बतलाया गया कि अभी भी जिन योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वो निर्वाचन की अधिसूचना तक अपना नाम प्रपत्र-6 के माध्यम से भरकर मतदाता सूची में निबंधित करा सकते है। अपने बी०एल०ओ० के माध्यम से प्रपत्र-6 भरकर संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है।यही नहीं मतदाता सूची या एढक्ळ से संबंधित किसी प्रकार का संशोधन या त्रुटि निराकरण प्रपत्र-8 के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना तक किया जा सकता है।विगत लोकसभा आम चुनाव 2019 में सिमडेगा जिले का मतदान प्रतिशत 66.86 था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गयी कि इस बार लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को 80 से उपर ले जाना है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों को अन्तिम मतदाता सूची की प्रति भी उपलब्ध करायी गयी।

### बागीटांड़ स्टेडियम में सुबह 9:05 में होगा झंडोत्तोलन

**कोडरमा।** जिले में गणतंत्र दिवस की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को जिले का मुख्य समारोह बागीटांड़ स्टेडियम में होगा। बागीटांड़ स्टेडियम में सुबह 9.05 बजे डीसी मेघा भारद्वाज झंडोत्तोलन करेंगी। पूर्वाह्न 10.30 बजे समाहरणालय भवन, 10.35 में एसपी कार्यालय, 10.40 में डीडीसी कार्यालय, 10.45 में जिला परिषद कार्यालय, 10.50 में अनुमंडल कार्यालय में झंडोत्तोलन किया जाएगा। बागीटांड़ स्टेडियम में झंडोत्तोलन के बाद विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। झांकी में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, डीआरडीए, उत्पाद, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के शामिल हैं। झांकी में सरकार की चल रही योजनाओं की झलक दिखेगी। जबकि आकर्षक मार्च पास्ट में पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। झंडोत्तोलन के दौरान हीं स्टेडियम में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। जबकि बेहतर कार्य करने वाले सरकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# सिमडेगा संप्रेक्षण एवं कारामंडल में 252 लोगों का लिया गया सैंपल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झालसा राँची एवं झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची के निर्देश के आलोक में सिमडेगा जिला के बाल संप्रेक्षण गृह एवं मंडल कारा में दिनांक 22 जनवरी से 24 जनवरी तक तीन दिवसीय जाँच एचआईवी टीवी एसटीआई, सेफिल एवं हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग, जाँच, एवं उपचार कैम्प आयोजित किया गया जिसमें सदर अस्पताल, सिमडेगा, एचआईभी० एड्स एवं यक्ष्मा विभाग के कर्मी शामिल हुए। कैम्प में दीपा कुमारी, आईसीटीसी काउन्सेलर द्वारा जाँच महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जबकि संतोष कुमार पंडा, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक द्वारा टीबी के कारण, बचाव एवं उपचार से संबंधित बाते बतलाई गई।उक्त कैम्प में 252 बंदियों की स्क्रीनिंग एवं जाँच की गई जिसमें सभी बंदियों का एचआईवी एवं सिफलिस नेगेटिव पाया गया। 251 बंदियो का हेपेटाइटिस नेगेटिव पाया गया जबकि एक बंदी का हेपेटाइटिस पोजेटिव पाया गया। टीबी जाँच हेतु कुल 26 बंदियो के बलगम नमूनों का संग्रह किया गया। उक्त कैम्प में दीपा कुमारी साहु काउन्सेलर, सिमडेगा, संतोष कुमार पंडा, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक, सिमडेगा, अभिषेक जोसेफ तिर्की, पीपीएम० कोर्डिनेटर सिमडेगा, शबनम कुजूर, प्रयोगशाला प्रावैधिक, अजय कुमार वर्मा प्रयोगशाला प्रावैधिक, शकुन्तला सिंकु, एसटीआई काउन्सेलर, पीरामल से तरूण कुमार, शपारितोष केरकेटटा, टीआई रश्मि सोरेंग, सतीश केशरी, सिनी से उपस्थित थे। मौके पर कैम्प का जायजा सपना सन्यासी, जेलर मो० युसूफ आजाद, विधिक सेवा प्राधिकार से सचिव मरियम हेम्ब्रोम, सुकोमल कुमार, एएलएडीसी उपस्थित थे।

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**बबीता देवी**
रोजगार सेवक तामड़ा पंचायत

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**अमित मिंज**
कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**संदीप भगत**
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**शैलेन्द्र पासवान**
मुफ्फसिल थाना प्रभारी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**सत्यनारायण प्रसाद**
संवेदक सह समाजसेवी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**रजत लकड़ा**
प्रखंड प्रमुख पाकरटांड

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**इम्तियाज असरफ**
संवेदक सह समाज सेवी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**अशोक गुप्ता**
उप मुखिया तामड़ा पंचायत, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**फिरोज अली**
केंद्रीय समिति सदस्य झामुमो, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**अमजद अली**
समाजसेवी सह नेता झारखंड पार्टी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**शिशिर टोप्पो**
मुखिया कोचेडेगा पंचायत सह युवा कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड पार्टी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**संजय ठाकुर**
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**मनीष कुमार**
थाना प्रभारी कुरडेग

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**दिलीप कुमार बेहरा**
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, कुरडेग

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**किरण डांग**
अंचल अधिकारी कुरडेग

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**दिपक कुमार जयसवाल**
कांग्रेस जिला सचिव, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**ठाकुर गौरी शंकर शर्मा**
प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुरडेग

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**रोशन रंजन वर्मा**
बीपीओ मनरेगा प्रखंड कार्यालय, कुरडेग

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**सोनी कुमारी पैंकरा**
जिला परिषद उपाध्यक्ष

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**मनोज कुमार जयसवाल**
20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष, सिमडेगा

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**अरुनिष रोशन**
थाना प्रभारी, बोलबा

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**धनंजय केशरी**
संवेदक सह समाजसेवी, सिमडेगा

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**संजय उरांव**
कनीय अभियंता सिमडेगा प्रखंड

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**गोपाल केशरी**
संवेदक सह समाजसेवी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
**बलिराम मांझी**
अंचल अधिकारी, बोलबा

भाजपा सिमडेगा की ओर से 75 वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**लक्ष्मण बड़ाईक**
जिलाध्यक्ष सिमडेगा
**सुशील श्रीवास्तव**
सांसद प्रतिनिधि, सिमडेगा

अंचल परिवार की ओर से 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**कमलेश उरांव**
अंचलाधिकारी, ठेठईटांगर

प्रखंड परिवार की ओर से 75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**पंकज कुमार**
प्रखंड विकास पदाधिकारी, ठेठईटांगर

प्रखंड कांग्रेस कमेटी ठेठईटांगर की ओर से 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

75 वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**नीलिमा कुजूर**
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**विपिन पंकज मिंज**
प्रखंड प्रमुख ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**अजय एक्का**
जिला परिषद सदस्य पश्चिमी, ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**जितवाहन मांझी**
पंचायत सचिव जोराम, ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**रामकेश्वर सिंह**
जोराम लैंपस सचिव, ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**संजय प्रधान**
पंचायत सचिव बाँसजोर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**सुशील प्रभात कुल्लु**
प्रधानाचार्य एसएस +2 विद्यालय जोराम, ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
**मोहम्मद अलाउद्दीन**
समाजसेवी, ठेठईटांगर

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियो को शुभकामनाएं एवं बधाई
Bisleri
BISLERI FOR EVERY OCCASION
**मां इंटरप्राइजेज ठेठईटांगर**
बिसलेरी पानी के थोक विक्रेता
संपर्क नंबर 8825174942

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**राजेन्द्र नायक**
अध्यक्ष पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ, सिमडेगा

गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**कुसुमलता**
जिला मतस्य पदाधिकारी, सिमडेगा

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**अजित प्रकाश**
थाना प्रभारी, पाकरटांड

75वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**मुन्ना रमानी**
थाना प्रभारी, केरसई

## नगर परिषद सिमडेगा की ओर से 75 वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं

आइये नगर को साफ सुथरा बनाने में सभी लोग करें सहयोग
सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त सिमडेगा शहर बनाने में लगातार प्रयास
शहर को साफ-सुथरा सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध




**निशांत जोशी तिर्की**
सिटी मैनेजर नगर परिषद सिमडेगा

**आकाश डेविड सिंह**
सिटी मैनेजर नगर परिषद सिमडेगा

**सुमित कुमार महतो**
प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा

# शांति के साथ विकास पथ पर अग्रसर है जम्मू-कश्मीर : शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने के बाद से राज्य शांति के साथ विकास पथ पर बढ़ रहा है। राज्य के युवा पत्थरबाजी छोड़कर कम्प्यूटर को अपना रहे हैं। शाह ने गुरुवार को दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जम्मू के लिए 100 ई बसों का लोकार्पण करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से यहां आतंकवाद की घटनाओं में कमी आई है। प्रायोजित पथराव की घटनाएं समाप्त हो गई हैं और राज्य में निवेश बढ़ा है। युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वह मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा के नये युग की शुरूआत हुई है। राज्य में आतंकी घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में 81 फीसदी, सुरक्षा बलों की मृत्यु में 48 फीसदी की कमी आई है।


75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
पिंकी प्रसाद
भाजपा नेत्री सह जिला कार्यसमिति सदस्य सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
आइये अपराध मुक्त क्षेत्र बनाएं..
ललिता सोरेन
महिला थाना प्रभारी, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
हीरा राम
जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
जिला पीडीएस डीलर संघ
सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को आजसू पार्टी की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निर्मला डुंगडुंग
आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह प्रत्याशी नगर परिषद, सिमडेगा
गायत्री नंदन मौर्य
केंद्रीय सदस्य आजसू पार्टी

75वां गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सत्यनारायण प्रसाद
भाजपा नगर अध्यक्ष सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
प्रेमा बाड़ा
जिला परिषद सदस्य, करसई

75वां गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आईये मिलकर सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र का करें चहुंमुखी विकास
जोसीमा खाखा
जिला परिषद सदस्य पाकरटांड
भूषण बाड़ा
विधायक सिमडेगा विधानसभा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
अंचल कार्यालय
सिमडेगा

75 वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
अजित कुमार
जिला खनन पदाधिकारी

75 वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
दानिश मेराज
भूमि संरक्षण पदाधिकारी सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगावासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
सिमडेगा

प्रभु के कयी नाम
प्रभु छोटा, बड़ा और भव्यता से प्रसन्न नहीं होते हैं। प्रभु की कृपा, सामर्थ, पवित्रता, निश्छल, निसकपट, त्याग, प्रेम और विश्वास जहां है। वहीं प्रभु का निवास एवं कृपा बरसती है। जिसे धारण करने की सलाह के साथ सभी धर्मावलंबी भाई बहनों को 75वां गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं।
गणतंत्र दिवस 26 JANUARY
शमी आलम
विधायक प्रतिनिधि
प्रेम दास
प्रखंड अध्यक्ष, बोलबा
रावेल लकड़ा
विधायक प्रतिनिधि
सुशील जड़िया
जलडेगा, प्रखंड अध्यक्ष
सुलभ नेलशन डुंगडुंग
प्रखंड अध्यक्ष, कोलेबिरा
अशफाक आलम
प्रखंड अध्यक्ष, टी. टांगर
नमन बिक्सल कोनगाड़ी
विधायक, कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र।
बर्थलोमी तिर्की
बांसजोर, प्रखंड अध्यक्ष

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
सुशीला देवी
प्रखंड प्रमुख
सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा विधानसभा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
श्रद्धानंद बेसरा
भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी, सिमडेगा विधानसभा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
विमला प्रधान
पूर्व मंत्री
झारखंड सरकार
निदेशक एचपीसीएल

75 वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
अनिल कंडुलना
जिलाध्यक्ष झामुमो सिमडेगा
शफीक खान
सचिव झामुमो, सिमडेगा

75 वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
ओमप्रकाश यादव
जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा

75 वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
समीर रैनियर खलखो
प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आपके हर सुख दुख का साथी....एनोस एक्का
एनोस एक्का को जो मिलेगी कमान, सिमडेगा का होगा नवनिर्माण,
हर चेहरे पर लाना है मुस्कान, झारखंड पार्टी का यही है आरमान।।
गणतंत्र दिवस 26 JANUARY
हमारी प्राथमिकताएं
- हाथी एवं अन्य वन्य प्राणियों के कारण हो रही समस्याओं का स्थाई समाधान किया जाएगा।
- हर गांव-मुहल्ले-टोले में बिजली लाईन एवं ट्रांसफार्मर की सुविधा उपलब्ध कराना।
- हर पंचायत में स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना।
- हर व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंचाना।
- हर गांव-टोले तक सड़क की सुविधा उपलब्ध कराना।
- युवाओं को रोजगार से जोड़ना।
- किसानों को अच्छी खेती के लिए सिंचाई सहित अन्य सुविधा उपलब्ध करवाना।
संदेश एक्का
जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा, झारखंड पार्टी, सिमडेगा।
एनोस एक्का
केन्द्रीय अध्यक्ष, झारखंड पार्टी, सिमडेगा सह पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार।
आईरिन एक्का
युवा झापा नेत्री, सिमडेगा।

75 वें गणतंत्र दिवस की सिमडेगा जिले वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
अनूप केशरी
झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
दीपक लकड़ा
जिलाध्यक्ष मजदूर यूनियन, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
समरोम पौल तोपनो
जिला परिषद सदस्य, बाँसजोर

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास हेतु सहयोग करें
सुशील लकड़ा
समाजसेवी सह भावी प्रत्याशी, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
जयप्रकाश चौधरी
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

75वां गणतंत्र दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
आईए अपराध मुक्त थाना क्षेत्र बनाने में करें सहयोग
जय गोविंद गुप्ता
सदर थाना प्रभारी, सिमडेगा